संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 21 फरवरी 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



राष्ट्रपति द्रौपदी पोर्ट ब्लेयर में ऐतिहासिक जेल का दौरा करती हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 51 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# इन्वेस्टर्स को भी निवेश पब्लिक फ्रेंडली बनाएंः सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने कहा कि हिंदुजा ग्रुप के प्रकाश जी और अशोक जी ने अभी मुझे डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी सौंपी है। चाहूंगा कि सिर्फ चाभी नहीं, बल्कि जल्दी से जल्दी वो यहां अपना प्रोडक्शन शुरू करें। उत्तर प्रदेश का बाजार ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत का बाजार उनका इंतजार कर रहा है। इससे पूर्व सीएम योगी को हिंदुजा ग्रुप की तरफ से डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी और मोमेंटो प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने प्लांट में इलेक्ट्रिक बसों का अवलोकन भी किया और उनके फीचर्स के बारे में भी जानकारी ली। हिंदुजा ग्रुप के अधिकारियों ने उन्हें ई व्हीकल्स की विशेषताओं से परिचित कराया। सीएम योगी ने हिंदुजा ग्रुप के प्रमुख लोगों और अधिकारियों के साथ मंत्रणा भी की।

**इन्वेस्टर्स भी लें इनीशिएटिवः** सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट अशोका लीलेंड के माध्यम से स्थापित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए हिंदुजा ग्रुप, अशोका लीलेंड को शुभकामनाएं देता हूं। उत्तर प्रदेश में हम जैसे इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी लेकर आते हैं। वैसे ही इन्वेस्टर्स को भी अपने निवेश को पब्लिक फ्रेंडली बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक लाख स्कूली बस हैं हमारे पास, ये सब रिप्लेस हो जाएंगी इलेक्ट्रिक बसों में बशर्ते इस दिशा में हम लोगों ने थोड़ा भी इनीशिएटिव लिया तो।

उत्तर प्रदेश में एक लाख 5 हजार से अधिक राजस्व गांव हैं और दो लाख से अधिक मजरे हैं। अगर इन एक लाख गांवों को हमें शहरों से जोड़ना होगा तो भी सस्ती सेवा के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा सस्ती और लोकप्रिय माध्यम बन सकती है। इसमें हम अपने तमाम युवाओं को इस सर्विस के साथ जोड़ सकते हैं। यहां पर भी हिंदुजा ग्रुप भी कुछ इनीशिएटिव ले और स्टेट गवर्नमेंट भी इसको आगे बढ़ाए।

**बिहार, मध्यप्रदेश और नेपाल तक यूपी का बाजारः** सीएम योगी ने कहा कि एक-एक गांव को जोड़ने के लक्ष्य के साथ हमें आगे बढ़ना होगा। उत्तर प्रदेश के अंदर गांव को शहर से जोड़ने के लिए प्रयास करना होगा। गांव का प्रोडक्ट शहर में आए, इसके लिए माल ढोने वाले छोटे ट्रक का उपयोग किया जा सकता है। फिर चीनी प्लांट के रूप में हम लोग दूध को दुग्ध समितियों के साथ जोड़कर सिटी में लाने में योगदान दे सकेंगे तो यह बहुत बड़ा मार्केट आपको अकेले यूपी में मिलेगा। यूपी का मतलब यूपी नहीं है,यूपी का मतलब बिहार भी, मध्यप्रदेश भी और नेपाल भी, यूपी के साथ किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ है। ये सभी राज्य इस सुविधा का लाभ लेंगे।

## आदर्श विचार



गलतियां ढूंढना गलत नही है बस शुरूआत खुद से होनी चाहिए।

भागवद्

## मन की बात



"ब्रह्मांड की सभी शक्तियां हमारे अंदर हैं।"

स्वामी विवेकानंद

# चंडीगढ़ः 'इंडिया' उम्मीदवार बना मेयर

## सुप्रीम कोर्ट ने आप-कांग्रेस कैंडिडेट को चंडीगढ़ मेयर घोषित किया, चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को नोटिस

**ऐतिहासिक**

8 आप-कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का नया महापौर घोषित कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के रिजल्ट को पलट दिया। कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप)-कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का नया महापौर घोषित कर दिया। मेयर चुनाव में हार के बाद 30 जनवरी को फूट-फूटकर रोने वाले कुलदीप कुमार के चेहरे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के 21 दिन बाद फिर से मुस्कान लौटी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से आप पार्षद कुलदीप कुमार को विजेता होने और चंडीगढ़ का महापौर घोषित किए जाने के बीच बड़ी लड़ाई लड़ी गई। सुप्रीम कोर्ट ने आप पार्षद कुलदीप कुमार को विजेता और चंडीगढ़ का महापौर घोषित किया। सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी के चुनाव के संचालन में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह के खिलाफ मुकदमा चलाने का भी आदेश दिया। अनिल मसीह बीजेपी नेता भी हैं। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि वह पूरी चुनावी प्रक्रिया को रद्द नहीं कर रही है और खुद को मतगणना प्रक्रिया में गलत कार्यों से निपटने तक ही सीमित रख रही है। जिसके कारण कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मत अमान्य हो गए थे। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह साफ है कि मसीह ने जानबूझकर आठ मतपत्रों को विरूपित करने का प्रयास किया।

सुप्रीम कोर्ट में 19 फरवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव केस में सुनवाई होनी थी। इसके पहले 18 फरवरी की शाम में बीजेपी के नवनिर्वाचित मेयर मनोज सोनकर ने पद से इस्तीफा दे दिया। इस बीच आप के तीन पार्षद बीजेपी में शामिल हो गए।



### हम लोग ये जीत छीनकर लाए हैंः केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, "हम सबने देखा कि किस तरह चंडीगढ़ के चुनाव में 20 वोट इंडिया गठबंधन के थे और 16 वोट भाजपा के थे। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को हारा हुआ घोषित कर दिया गया। भारतीय के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। हम सुप्रीम कोर्ट का बहुत धन्यवाद करते हैं।" मुख्यमंत्री ने कहा, देश में जिस तरह के हालात हैं, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला जनतंत्र के लिए बहुत अहम है।

# पीएम मोदी ने जम्मू में एम्स-आईआईटी का उद्घाटन किया

**विकास कार्य**

8 पहले जम्मू-कश्मीर से आतंक-अलगाव की खबरें आती थीं, अब विकास हो रहाः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी (20 फरवरी) जम्मू दौरे पर हैं। उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन किया। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने ही रखी थी। उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम२) का भी उद्घाटन किया। मोदी ने जम्मू में करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। वहीं, प्रधानमंत्री ने जम्मू एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और 'कॉमन यूजर फैसिलिटी' पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद, अलगाववाद की आवाजें उठती थीं, अब यहां हर सेक्टर में विकास हो रहा है। राज्य में अब 12 मेडिकल कॉलेज हैं। घाटी ट्रेन से जुड़ चुकी है। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा राज्य है, जहां दो एम्स बन रहे हैं। मोदी के भाषण के दौरान सभा में कोई बच्ची रो रही थी। पीएम ने कहा, उसे परेशान मत कीजिए। कितनी प्यारी बच्ची है। मेरे पास होती तो बहुत आशीर्वाद देता। आप लोग विपरीत मौसम में यहां बैठे हैं, ये काबिले तारीफ है।



**कश्मीर के लोग जल्द ही ट्रेन से पूरे देश के सफर पर निकलेंगेः** मोदी ने कहा- पहले भारत के एक हिस्से में काम होता था और जम्मू-कश्मीर के लोगों को मिलता नहीं था या बहुत देर से मिलता था। आज जम्मू एयरपोर्ट के विस्तार काम हो रहा है।

कश्मीर को कन्याकुमारी से रेल से जोड़ने का काम और तेजी से बढ़ा है। वो दिन दूर नहीं, जब कश्मीर से ट्रेन में बैठकर लोग पूरे देश के सफर पर निकल पाएंगे।

## तीसरी आंख




# जीबीसी 4.0 : 34 लाख रोजगार, संभावनाएं अपार

**निवेश**

8 पश्चिमांचल तक और मध्यांचल से लेकर बुंदेलखंड तक युवाओं के लिए रोजगार की कमी नहीं होगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**योगी** सरकार जीबीसी 4.0 के माध्यम से यूपी को देश का ग्रोथ इंजन बनाने जा रही है। इसमें 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के जरिये 14 हजार परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी। इससे न सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में भटकना नहीं पड़ेगा। योगी सरकार इन निवेश परियोजनाओं के जरिये प्रदेश में 34 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी और रोजगार के साधन उपलब्ध कराने जा रही है। यह नौकरियां विभिन्न सेक्टर्स में प्राप्त होंगी। इसमें ट्रेंड, अनट्रेंड सभी तरह के युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध होंगे। पूर्वांचल से लेकर पश्चिमांचल तक और मध्यांचल से लेकर बुंदेलखंड तक युवाओं के लिए रोजगार की कमी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराने को लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में जीबीसी 4.0 मील का पत्थर साबित होगी। योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 में जिन 14 हजार परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इनमें सबसे अधिक 52 प्रतिशत परियोजनाएं पश्चिमांचल, 29 प्रतिशत पूर्वांचल, 14 प्रतिशत मध्यांचल और 5 प्रतिशत बुंदेलखंड में धरातल पर उतरेंगी। जाहिर है।



# नीतीश कुमार की 'रडार' पर केके पाठक

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार में शिक्षा** विभाग के अपर मुख्य सचिव अपने विवादास्पद फैसलों और फरमानों के लिए बदनाम हो गए हैं। हालांकि उनकी सख्ती से शिक्षा व्यवस्था के पटरी पर लौटने की तारीफ भी होती रही है। कई बार तो उनके फैसलों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हस्तक्षेप करना पड़ा है। कभी शिक्षकों की छुट्टियां रद्द कर देते हैं तो कभी रविवार की छुट्टी के दिन भी शिक्षकों को स्कूल आने का फरमान जारी कर देते हैं। शिक्षकों का वर्किंग टाइम अब उनके निशाने पर है। हालांकि उन्हें इस मामले में तब मुंह की खानी पड़ी, जब सीएम नीतीश कुमार ने ही उनके निर्णय को गलत बता दिया।



**केके पाठक का फरमानः** बिहार विधानसभा मंगलवार को केके पाठक के उस फरमान की गूंज सुनाई पड़ी, जिसमें उन्होंने शिक्षकों को स्कूल खोलने की टाइमिंग सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कर दी थी। विपक्ष ने इस मुद्दे पर खूब हंगामा मचाया। विपक्षी सदस्य न सिर्फ इस फरमान को वापस लेने की मांग कर रहे थे, बल्कि केके पाठक को शिक्षा विभाग से हटाने का दबाव भी बनाने लगे। आखिरकार मुख्यमंत्री को बोलना पड़ा। सीएम नीतीश कुमार ने स्पष्ट कर दिया कि पाठक ने जो टाइमिंग तय की है, वह गलत है।

## 'इंडिया गठबंधन सरकार पर्यावरण की करेगी रक्षा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कांग्रेस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के वन परिभाषा आदेश की सराहना करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार पर्यावरण की रक्षा करेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 'चुनावी बांड घोटाले' के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार की 'घोर अवैध और विनाशकारी' योजनाओं को रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि शब्दकोष में 'जंगल' का अर्थ लागू किया जाए।

**घोषणा** | भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने प्रदेश चुनाव समिति की घोष[illegible]की

# भूपेंद्र यादव को हरियाणा चुनाव समिति में मिली जगह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश चुनाव समिति की घोषणा कर दी है। इसमें नायब सैनी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को भी शामिल किया गया है। इससे भूपेंद्र यादव की हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। यह पहला मौका है जब भूपेंद्र यादव को हरियाणा के किसी संगठन में इतना अहम पद दिया गया है। इस समिति में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित 18 नेता शामिल किए गए हैं लेकिन कार्यकारिणी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सहित मौजूदा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को शामिल नहीं किया गया है। समिति में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, गृह मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, रामबिलास शर्मा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली सहित महिला मोर्चो की अध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शी को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और राष्ट्रीय सचिव सहित प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर को विशेष आमंत्रित रूप में रखा गया है।



**जिम्मेवारी**

8 भूपेंद्र यादव की हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं।



# रंगला पंजाब उत्सव

## आपका हार्दिक स्वागत

**23 से 29 फरवरी, 2024, अमृतसर**





**भगवंत सिंह मान**
**मुख्य मंत्री, पंजाब**

| दिनांक | समय | आयोजन | स्थान |
|---|---|---|---|
| 23 फरवरी | सांय 6:30 बजे से | उद्घाटन समारोह | खालसा कॉलेज |
| 24-25 फरवरी | प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक | साहित्य उत्सव | पारटीशियन म्यूज़ियम्र |
| 24-25 फरवरी | सांय 4:00 बजे से 6:00 बजे तक | कार्नीवल परेड | पहला दिन: रैड क्रॉस - रणजीत एवेन्यू ग्राउंड<br>दूसरा दिन: ट्रीलियम माल-रणजीत एवेन्यू ग्राउंड |
| 24-29 फरवरी | प्रात: 11:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक | सेवा स्ट्रीट | टाऊन हाल हैरीटेज़ स्ट्रीट |
| 24-29 फरवरी | प्रात: 11:00 बजे से रात्री 10:00 बजे तक | फूडिस्तान एवं शॉपिंग मेला | रणजीत एवेन्यू ग्राउंड |
| 24-29 फरवरी | सांय 7:00 बजे से रात्री 8:30 बजे तक | डिजिटल मेला | समर पैलेस |
| 24-25 एवं 27-29 फरवरी | सांय 7:00 बजे से | ताल चौक | रणजीत एवेन्यू ग्राउंड |
| 25 फरवरी | प्रात: 7:00 बजे से 9:00 बजे तक | ग्रीनाथॉन | आनंद अमृत पार्क-साइडा पिंड |
| 26 फरवरी | सांय 7:00 बजे से | पंजाबी लोक संगीत नाईट | किला गोबिंदगढ़ |
| 29 फरवरी | सांय 6:30 बजे से | समापन समारोह | रणजीत एवेन्यू ग्राउंड |

**पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले विभाग, पंजाब**

# इग्नू से डिग्री लेने वालों की संख्या में हुई तीन गुना बढ़ोतरी : डा.धर्म पाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ.धर्म पाल ने बताया की आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्याल, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 37वें दीक्षांत समारोह का आयोजन इग्नू के मुख्यालय एवं 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर एक साथ किया गया। इग्नू के 37वें दीक्षांत समारोह में मुख्यालय नई दिल्ली पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्यातिथि रहे। इग्नू के 37वें दीक्षांत समारोह में कुल तीन लाख आठ हजार पांच सो चौरासी विद्यार्थियों को डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। डा. धर्मपाल ने बताया कि इग्नू




क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत लगभग 20 हजार प्रतिभागी उपाधि (डिग्री-सर्टिफिकेट) लेने के लिए पात्र थे, जिनमे से 250 विद्यार्थियों को डिग्री देने के लिए बुलाया गया। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल पर आयोजित समारोह में डॉ.मनोहर लाल छाबड़ा, निदेशक, गन्ना प्रजनन संस्थान, करनाल ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना द्वारा की गईञ इसके बाद विशिष्ट अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया

**दीक्षांत समारोह**

**8 37वें दीक्षांत समारोह का आयोजन इग्नू के मुख्यालय एवं 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर एक साथ किया गया**

गया। डा. अमित कुमार जैन ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और विशिष्ट अतिथि डॉ. एमएल छाबड़ा की शैक्षणिक उपलब्धियों के बारे में अवगत करवाया। डॉ.एमएल छाबड़ा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह की एक विशेष अहमियत होती है। आज एक ऐसा दिन है, जब हम अपने विद्यार्थियों की सफलता और उपलब्धियों के लिए उनको प्रोत्साहित करता हूँ, जो कि उन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण से हासिल की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करना चाहिए और जीवन में संयम रखना चाहिए, ताकि आप एक ऊंचा मुकाम हासिल कर पाएं। उन्होंने कहा कि इग्नू एक ऐसा विश्विद्यालय है जो विश्व पटल पर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है और ऐसे विश्विद्यलय से डिग्री पाना विद्यार्थियों के लिए एक गौरव की बात है। मैं सभी विद्यार्थियों को डिग्री मिलने पर फिर से बधाई देता हूं। मंच संचालन किरण सचदेवा द्वारा किया गया।

# 9 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर ने बताया कि लंबे समय से न्यायालय में लंबित अधिक से अधिक मुकदमों का निपटारा करने के लिए संपूर्ण देश में आगामी 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है, ताकि समाज के आम आदमी को उनके दरवाजे पर न्याय मिल सके। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए के अध्यक्ष चंद्र शेखर के कुशल मार्गदर्शन और हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के



निस्तारण हेतु विभिन्न बीमा कंपनियों और मोटर दुर्घटना दावों के मामले वाले अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बीमा कंपनियों के सभी प्रतिनिधियों और मोटर दुर्घटना दावा मामलों के अधिवक्ताओं ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को आश्वासन दिया कि वे 9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मोटर दुर्घटना मामलों के निपटारे के लिए गहरी दिलचस्पी लेंगे, ताकि नियमित अदालतों के लंबित मामलों को कम किया जा सकता है सीजेएम ने बताया कि लोक अदालत विवादों के निपटारे के प्रभावशाली तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जाता है। सभी के लिए न्याय तक पहुंच के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र को बढ़ावा देना काफी महत्वपूर्ण है। लोक अदालत को स्थायी और सतत प्रक्रिया बनाने के लिए सत्र न्यायालय, संभाग, करनाल में भी दैनिक लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

**न्यूज फ्लैश**

## आकाश बायजूस नारनौल के 10 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 98 से ज्यादा परसेंटाइल



**नारनौल।** आकाश बायजूस ने नारनौल से अपने 10 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में 98 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। 4 स्टूडेंट्स ने 99 परसेंटाइल हासिल किए। इसी क्रम में 17 स्टूडेंट्स ने 95 से ज्यादा परसेंटाइल प्राप्त किए। 24 स्टूडेंट्स ने 90 से ज्यादा परसेंटाइल हासिल किए। एक स्टूडेंट ने केमिस्ट्री में 100 परसेंटाइल हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पिछले मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में अनूप यादव ने 99.91 परसेंटाइल, जान्हवी मित्तल ने 99.86, अमन कुमार ने 99.71, हिमांशु तनवर ने 99.31 और ध्रुवांशु ने ओवरऑल 97.67 परसेंटाइल और केमिस्ट्री में 100 परसेंटाइल हासिल किए। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की सबसे प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज सेशन 1 के परिणामों का अनावरण किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली की शुरूआत हुई. छात्रों को बधाई देते हुए, परमेश्वर झा, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस, ने सराहना की, ह्लछात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूस की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। हम उन्हें अगले प्रयास के साथ-साथ उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से होती है पानी की बचतः हरिदेव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा सरकार द्वारा खंड स्तर पर जल समिति की ट्रैनिंग दी जा रही है। इसके तहत हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा निसिंग ब्लॉक के किसान भवन में जल समिति की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकारी अभियन्ता हरिदेव काम्बोज ने किसानों को जल समिति के कर्तव्यों व मिकाडा विभाग की स्कीमों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने किसानों को बताया कि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सामान्य रूप से फसलों में उर्वरक व पानी देने की सर्वोत्तम एवं आधुनिक विधि मानी जाती है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में कम पानी से अधिक क्षेत्र की सिंचाई की जाती है। इस प्रणाली में पानी को पाइपलाइन के माध्यम से स्त्रोत से खेत तक पूर्व निर्धारित मात्रा में पहुँचाया जाता है। इससे पानी की बबार्दी को तो रोका ही जाता है, साथ ही यह जल उपयोग दक्षता बढ़ाने में भी सहायक है। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के ट्रैनर संजीव कुमार व संजय कुमार ने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाकर 30-40 फीसदी पानी की बचत होती है। इस प्रणाली से सिंचाई करने पर फसलों की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी सुधार होता है। हमारे देश में अधिकांशतः खेतों में सिंचाई के लिये कच्ची नालियों द्वारा पानी लाया जाता है, जिससे तकरीबन 30-40 फीसदी पानी रिसाव की वजह से बेकार चला जाता है।

# कैंप में विभिन्न विषयों पर किया गया स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन

**व्याख्यान**

**8 कार्यक्रम अधिकारी डा. ममता वालिया द्वारा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एनएसएस की भूमिका पर व्याख्यान दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** गुरु नानक खालसा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय कैंप के पांचवें दिन प्रथम सत्र में सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. ममता वालिया द्वारा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एनएसएस की भूमिका पर व्याख्यान दिया। डा. ममता वालिया ने स्वयंसेवकों को अनुशासन, व्यक्तित्व निर्माण,



आत्मनिर्भरता, पहचान, चरित्र निर्माण की आवश्यकता एवं महत्व बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों को मनोरंजन के साथ-साथ विभिन्न तकनीकों से अवगत करवाया। साथ ही उन्होंने विलुप्त होते हमारे प्रारंभिक खेलों पर चर्चा की तथा शिविर के दौरान स्वयंसेकों को इन विलुप्त होते खेलों में बढ़-चढकर भाग लेने पर बल दिया। सायंकालीन सत्र में ट्रेफिक वेलफेयर एंड रोड सेफ्टी फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं उनकी टीम ने सडक सुरक्षा एवं नियमों की पालना पर चर्चा की। डा. अशोक शर्मा ने सडक सुरक्षा संबंधी नियमों की पालना करने का संदेश दिया और सडक सुरक्षा से संबंधी विभिन्न शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की। खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल डा. गुरिंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी।

# 'दूसरा बच्चा लडका होने पर मिलेगी पांच हजार की आर्थिक सहायता'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजबाला मोर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा अब कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लडका होने पर भी 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायताझ योजना के तहत पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। डीपीओ ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा ने गर्भावस्था में मजदूरी के दौरान नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायताझ योजना शुरू की है। इस योजना के तहत दूसरे बच्चे के रूप में लडके को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित महिला के परिवार की सालाना आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस योजना के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। केंद्र या प्रदेश सरकार की नौकरियों और सार्वजनिक उपक्रमों में तैनात महिला कर्मचारी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं होंगी।

# 'शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का विद्यार्थी जीवन में बड़ा महत्व'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का विद्यार्थी जीवन में बड़ा महत्व है। ऐसे में शिक्षक विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करते हुए चरित्र निर्माण पर बल दें। पुलिस अधीक्षक जिले के कस्बा असंध स्थित जेपीएस अकादमी के 14वें वार्षिक समारोह वक्त की कसौटी के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। एसपी का स्वागत अकादमी के प्रबंधक योगेन्द्र राणा एवं प्रधानाचार्य मोहन सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भारतवर्ष में प्राचीन समय से लेकर अब तक हमारी शिक्षा प्रणाली सुदृढ़ और मजबूत है।




प्राचीन समय में जब गुरुकुल शिक्षा का केंद्र होते थे, अब समय के बदलाव के साथ ही आज गुरुकुलों का स्थान आधुनिक शिक्षण संस्थानों ने ले लिया है। आज हमें शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करनी होगी, जिससे विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास संभव हो सके। उन्होंने कहा कि देश के विकास में शिक्षा का अहम योगदान है। उन्होंने गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए शोध की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि शोध के जरिये हो वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अच्छी शिक्षा के माध्यम से केवल पढ़े लिखे नागरिक ही तैयार करना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षित करके संस्कारवान बनाना है। जेपीएस अकादमी इस दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है। इस मौके पर उन्होंने वार्षिक उत्सव में सांस्कृति प्रस्तुति देने वाले बच्चों की प्रशंसा की तथा शैक्षणिक वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

**चरित्र निर्माण**

**8 असंध स्थित जेपीएस अकादमी के 14वें वार्षिक समारोह वक्त की कसौटी के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे**

कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई।

इस मौके पर अनेक लघु नाटिकाओं को प्रस्तुत किया गया, जिनमें श्रीमद् भगवद् गीता का उपदेश, जल बचाओ अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, मोबाइल फोन का बढ़ता उपयोग, एक आदर्श अध्यापक, भाँगड़ा, गिद्दा, बाल मजदूरी, जलियांवाला बाग, शिक्षा-लड़कियों का जन्मसिद्ध अधिकार, हरियाणवी लोकनृत्य और भारत एवं विदेशी लोगों के जीवन में विभिन्नताएं इत्यादि नाटक प्रस्तुत किए गए।

# ईशा बंसल एंटी करप्शन फाउंडेशन इंडिया की अंतर्राष्ट्रीय चेयरपर्सन नियुक्त



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए युवा समाजसेविका ईशा बंसल को अंतर्राष्ट्रीय चेयरपर्सन नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव प्रदेश निदेशक हरियाणा सुनीता गुप्ता ने ईशा बंसल को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ईशा बंसल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगी। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं।

# नैबिकॉन 2024 में बर्न मैनेजमेंट के लिए हुई अभिनव उपचारों पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

नेशनल एकेडमी ऑफ बर्न्स ने नैबिकॉन 2024 का आयोजन किया है। यह एक ऐसा मंच है जो बर्न (जलने से होने वाले घाव) की रोकथाम, जलने से होने वाले घाव के इलाज, बर्न रिकंस्ट्रक्शन, बर्न रिहैबिलेशन और इनसे जुड़े रिसर्च से संबंधित ज्ञान के आदान-प्रदान में बड़ी भूमिका निभाता है। इस कार्यक्रम में गणमान्?य वक्ताओं को देखने का मौका मिला जिसमें भारत और दुनिया भर से समर्पित बर्न और प्लास्टिक सर्जन और बर्न केयर विशेषज्ञ शामिल थे। इस सम्मेलन में शामिल कुछ प्रमुख विषयों में बर्न मैनेजमेंट का प्रशिक्षण, घावों में केराटिनोसाइट डिलिवरी में हुई प्रगति, जलने के बाद आई विकृति में सुधार, एक आदर्श बर्न यूनिट की स्थापना और बर्न्स के बारे में जागरूकता और कई दूसरे विषय शामिल थे। कई विशेषज्ञों ने बर्न मैनेजमेंट और देखभाल से जुड़े विषयों पर वैज्ञानिक और मेडिकल पेपर प्रस्तुत किए। यह सम्मेलन एनएबीआई के प्रेसिडेंट और नैबिकॉन 2024 के आयोजन सचिव डॉ. अनंत सिन्हा के नेतृत्व में रांची, झारखंड में आयोजित किया जा रहा है। नैबिकॉन 2024 के मौके पर, बीएसवी के सीओओ- इंडिया बिजनेस, आलोक खेत्री ने कहा, "दुनिया भर में आग से जलकर मरने वालों की बड़ी संख्या के बावजूद, आखिरकार एक रोशनी नजर आ रही है।" उन्होंने जलने से बचे लोगों को शारीरिक और भावनात्मक रूप से मजबूती देने के लिए आधुनिक बर्न ट्रीटमेंट के महत्व पर जोर दिया। आग के शिकार हुए लोगों में अक्सर खरोंच (मृत ऊतक) और अन्य विकृतियां पैदा हो जाती हैं जो जीवन भर उनके लिए भावनात्मक और शारीरिक चुनौती बनी रहती हैं। हालांकि, बर्न के उपचार में हुई वैज्ञानिक प्रगति के साथ आग से बचे लोग अब बिना किसी इंट्रूसिव सर्जरी के इन चुनौतियों पर काबू पाने उम्मीद कर सकते हैं।

# 'सीएम ने कुशल एवं न्यायप्रिय शासक होने का परिचय दिया'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक हरविंद्र कल्याण ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गीता के संदेश को चरितार्थ किया है और कुशल एवं न्यायप्रिय शासक होने का परिचय दिया है। व्यवस्था परिवर्तन और सुशासन का कार्य करके मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों के दिलों पर अमिट छाप छोडने का काम किया है। विपक्ष पोर्टल की सरकार कहता है, लेकिन पोर्टल किसी के साथ भेदभाव नहीं करता। इस तरह से सरकार ने सीधे रूप से पात्र जरूरतमंद को लाभान्वित करने का काम किया है। वर्तमान



में 681 योजनाएं ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मेरा पानी मेरी विरासत योजना किसानों के लिए तथा भावी पीढि?ों के लिए बहुत ही लाभदायक साबित हो रही है। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी क्रियान्वित करके सभी कर्मचारियों के लिए सरकार ने सराहनीय काम किया है। इसके अलावा कर्मचारियों के लिए कर्मयोगी कार्यशालाओं का आयोजन किया है। सरकार ने बिजली व्यवस्था में सुधार करके 24 घंटे बिजली सप्लाई सुनिश्चित की गई है।

विधायक ने पिछले सरकार के दस साल के कार्यकाल से तुलना करते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियाँ गिरवाई। उन्होंने कहा कि शुगर मिल 2014 में 11 थी जो बढकर 14 हो गई हैं। वहीं कई मिलों का नवीनीकरण भी किया गया है। महाविद्यालय 105 से बढकर 182 हो गए हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय 43 से बढकर 56, आईटीआई 142 से बढकर 192, मेडिकल कॉलेज 7 से बढकर 15, हेल्थ इंस्टीट्यूट 3944 से बढकर 4266 और सडकें 23548 किलोमीटर से बढकर 28000 किलोमीटर से ज्यादा हो गई हैं।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रदेश सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान में हर कदम उठा रही है। उनकी अनुग्रह राशि 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपए की है। घायल सैनिक को 15 लाख से 35 लाख रुपए और अनुकंपा के आधार पर साढ़े 300 से ऊपर सरकारी नौकरियां देने का काम किया है, जबकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में केवल 6 व्यक्तियों को ही अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी मिली थी।

# पराली जलाने की घटनाओं पर लगाएं शत-प्रतिशत रोकः कुट्टी

## पराली के उचित प्रबंधन को लेकर वर्ष 2024 कार्य योजना की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र व उसके साथ लगते क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष एम.एम. कुट्टी ने हरियाणा में पराली के उचित प्रबंधन को लेकर गुरूवार को वीसी के माध्यम से कृषि विभाग हरियाणा के निदेशक व जिला उपायुक्तों के साथ वर्ष 2024 के लिए तैयार की गई कार्य योजना की समीक्षा की। चेयरमैन एम.एम. कुट्टी ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा ने पराली प्रबंधन की दिशा में बेहतर कार्य कर वायु प्रदूषण को कम करने का काम किया है,



लेकिन पराली में आग लगाने की घटनाओं को शून्य पर लाना है, इसके लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस दिशा में और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस बार शत-प्रतिशत पराली में आगजनी की घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए तथा किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध करवाएं जिससे पराली का समुचित प्रबंधन हो सके। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए आईओसीएल पानीपत में लगाए गए एथेनॉल प्लांट में आसपास के जिलों के किसानों को पराली पहुंचाने के लिए जागरूक किया जाए। पराली को जलाने की बजाए एक बिजनेस के रूप में अपनाने के लिए भी किसानों को प्रेरित करें। इसके अलावा औद्योगिक इकाईयों को भी पराली का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग द्वारा एनसीआर क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाओं पर कड़ी नजर रखी जाए और सभी उपायुक्त नियमित रूप से सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करते रहें। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा के निदेशक राजनारायण कौशिक ने कहा कि पराली प्रबंधन को लेकर हरियाणा देश का एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इसके अलावा फसल विविधिकरण को अपनाने वाले विशेषकर धान की जगह मक्का की काश्त करने वाले किसानों को 7 हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सीएससी सेंटरों तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में कृषि यंत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**निर्देश**

**8 कृषि विभाग हरियाणा के निदेशक व जिला उपायुक्तों के साथ वर्ष 2024 के लिए तैयार की गई**

# महादेव की पालकी के समक्ष नतमस्तक हुए श्रद्धालु, मांगी मनोकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

महाशिवरात्रि को लेकर निकाली जा रही प्रभातफेरी मंगलवार को निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्घी के निवास स्थान से प्रारंभ हुई। राजेश अग्घी ने अपने पूरे परिवार के साथ भोलेनाथ की आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद प्रभातफेरी ने कई गलियों का भ्रमण किया, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शिव की पालकी का स्वागत किया और नतमस्तक होकर मनोकामनाएं मांगी। इसके बाद प्रभातफेरी ने फ्रेंड्स कालोनी में शिव भक्त हरीश के निवास स्थान पर विश्राम लिया। भोलेनाथ के



भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। जो उनकी सेवा में लग जाता है, उसका बेड़ा पार हो जाता है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रवीन सचदेवा, प्रमोद नागपाल, विनोद गुप्ता, राजेश, नीलम, राजेश चुघ, अनिल छाबड़ा, वीना सेठ, सुनीता कथूरिया व अंजली भुटानी सहित अन्य मौजूद रहे।

## संपादकीय

# मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव

**देश में** विकास के मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव के समाचार रोज कहीं न कहीं से आते ही रहते हैं। यह ठीक है कि कुछ नया बनेगा तो कुछ पुराने को हानि भी झेलनी पड़ेगी। किन्तु जीवन के लिए आवश्यक हवा पानी और भोजन जैसे संसाधनों पर जब चोट पड़ने लगती है तो मामला चिंतनीय हो जाता है और उस पर तार्किक रूप से विचार करना जरूरी हो जाता है। किन्तु खेद का विषय है कि आमतौर पर स्थानीय निवासियों के हितों पर परियोजना हितों को वरीयता दी जाति है। इस स्थिति में टकराव शुरू हो जाते हैं, जिनका समाधान यदि तर्क और स्थानीय हितों को ध्यान में रख कर न किया जाए तो मामले बिना वजह ही उलझ जाते हैं और बहुत बार अनावश्यक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाते हैं। कई बार गलत या अधूरी सूचनाओं के कारण भी मामले उलझ जाते हैं। आजकल हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में इसी तरह का आन्दोलन अली खड्ड के पानी को ले कर चल रहा है। आंदोलनकारी तीन सप्ताह से बैठे हैं किन्तु किसी अर्थपूर्ण संवाद के अभाव में कोई हल निकल नहीं सका है। अनुभव यह बताता है कि शांतिपूर्ण आंदोलनों को जब समय पर सुना नहीं जाता है तो आन्दोलन उलझ जाते हैं और कई बार गलत हाथों में चले जाते हैं। इस लिए एक स्वस्थ प्रजातंत्र में लोगों के असहमति के अधिकार का सम्मान करते हुए आन्दोलन की बात को जल्दी सुना जाना चाहिए। किन्तु प्रशासन अपनी जिद पूरी करने के लिए मुद्दे की बात समझने के बजाय आन्दोलन को लंबा लटका कर लोगों को थका कर आन्दोलन को समाप्त करने की रणनीति अपनाने का प्रयास करता है। यह समस्या को बिना सुने समझे टाल देने का तरीका वाजिब नहीं है। यदि प्रशासन की बात सही है तो तर्क और पूरी सूचना देकर मामला सुलझाया जा सकता है। और यदि आन्दोलनकारियों की बात तथ्यात्मक है तो तथ्यों का ध्यान रखते हुए मामला हल किया जा सकता है। जीवनयापन के लिए अपरिहार्य रूप से आवश्यक संसाधनों की जब बात आती है तो स्थनीय निवासियों के अधिकारों को वरीयता दी जानी चाहिए, यही प्राकृतिक न्याय की मांग है। जहां दोनों पक्ष अपनी-अपनी जगह सही हों तो किसी एक की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकल्प तलाशने चाहिए। इस प्रक्रिया में दलगत राजनैतिक हित साधने के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इस दृष्टि से देखा जाए तो इस आन्दोलन में दोनों मुख्य राजनीतिक दलों के स्थानीय नेता एक स्वर में त्रिवेणी घाट से पानी उठा कर अंबुजा सीमेंट प्लांट को देने का विरोध कर रहे है। विरोध का तार्किक आधार यह है कि जहां से पानी उठाया जा रहा है वहां से नीचे बिलासपुर जिला के चार निर्वाचन क्षेत्रों का पानी अली खड्ड से मिल रहा है। जिसके लिए 24 लिफ्ट और ग्रेविटी पेयजल योजनाएं, 7 सिंचाई लिफ्ट योजनाएं, स्थानीय कुहलें और घराट तथा मछली प्रजनन केंद्र चल रहे हैं। जिससे 50 हजार से ज्यादा जनसंख्या की पानी जरूरतें पूरी हो रही हैं। 1992 में भी यह योजना गुजरात अंबुजा के पूर्व मालिक द्वारा प्रस्तावित की गई थी जिसे वीरभद्र सिंह सरकार द्वारा डाउन स्ट्रीम स्थानीय समुदाय का पक्ष सुन कर रद्द कर दिया था। अब नए मालिक ने फिर से उस योजना को पुनर्जीवित करके निर्माण कार्य शुरू करवाया है। इसके लिए जलशक्ति विभाग को माध्यम बनाया गया है।

# राजनीति के शोर में न दब जाए, संदेशखाली की आवाज !



आशीष वशिष्ठ

"बेहतर तो ये होता कि कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन में शामिल अन्य दलों का संयुक्त प्रतिधिमंडल संदेशखाली में पीड़ित महिलाओं की बात सुनकर ममता बैनर्जी को कठघरे में खड़ा करता किंतु वोटों की राजनीति के कारण महिलाओं के अपमान पर भी अधिकतर पार्टियां मौन साधे बैठी हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं इसलिए देखना ये होगा कि इतना गंभीर मुद्दा कहीं राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और शोर-शराबे में दबकर न रह जाए। आरोपियों का कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जो नजीर बनें"

**बीते** कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल का संदेशखाली सुर्खियों में बना हुआ है। संदेशखाली से जो खबरें छन-छनकर बाहर आ रही हैं, वो किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित कर सकती हैं। संदेशखाली पर जितनी रपटें और विश्लेषण सामने आए हैं, उनके मद्देनजर आश्चर्य होता है कि 2011 से वहां दरिंदों के अत्याचार, यौन उत्पीड़न और भूमि पर जबरन कब्जों के सिलसिले जारी रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उन्हें झूठ करार दे रही हैं। जो जानकारी आई उसके आधार पर ये कहा जा सकता है कि संदेशखाली में मध्ययुगीन गुलाम प्रथा जिंदा है। संदेशखाली का पूरा मामला प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की कार्रवाई के बाद लोगों के सामने आया है। बीती 5 जनवरी, 2024 को ईडी के अधिकारियों ने राशन भ्रष्टाचार मामले में संदेशखाली के सरबेड़िया में तृणमूल नेता शेख शाहजहां से पूछताछ करने पहुंचे हुए थे। तृणमूल के गुंड़ों की मदद से न सिर्फ नेता शाहजहां शेख फरार हो जाने में कामयाब रहा, बल्कि इस दौरान सरकारी अधिकारियों पर भी हमले भी किए गए थे। इसके बाद से ही स्थानीय लोगों ने अपनी आवाज तेज कर दी और खुलकर सामने आ गए। जो कुछ भी उनके द्वारा बताया गया, वह 21वीं सदी में अकल्पनीय है। शाहजहां शेख और उसके गुर्गे महिलाओं को अपनी निजी संपत्ति मानकर उठा ले जाते रहे और तृणमूल कार्यालय में रखकर उनका यौन शोषण कर छोड़ देते थे। विवाहित महिला के पति को भी ये कहा जाता कि उसकी पत्नी पर पहला अधिकार शेख का है। किसी भी सुंदर महिला को जबरन उठाकर ले जाना और उसका यौन शोषण करना संदेशखाली में आम बात थी। जब महिलाओं से पूछा गया कि वे इस अत्याचार के विरुद्ध अब तक खामोश क्यों रहीं तो उनका उत्तर था कि शाहजहां जब ईडी के डर से फरार हुआ तब जाकर उनमें साहस आया।

वह लोगों की जमीनों पर जबरन कब्जा करने और उनकी मजदूरी छीनकर आतंकित करने का काम करता रहा किंतु तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा होने की वजह से उसका हौसला बुलंद था। ईडी की छापेमारी के बाद संदेशखाली महिला सशक्तीकरण का जीवंत उदाहरण बन गया है। लेकिन महिला होने के बावजूद ममता बैनर्ज अभी तक अपनी पार्ट के कुख्यात नेता पर लग रहे आरोपों पर ध्यान देने के बजाय ये शिगूफा छोड़ रही हैं कि संदेशखाली आरएसएस का प्रभावक्षेत्र है। महिलाओं पर उनके साथ हुए बलात्कार को साबित करने का दबाव भी बनाया जा रहा है। विवाद बढ़ने के बाद 12 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने संदेशखाली का दौरा किया। यहां की महिलाओं से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने मीडिया से कहा, मैंने संदेशखाली की माताओं और बहनों की बातें सुनी. मुझे विश्वास नहीं हुआ कि रबिन्द्र नाथ टैगोर की धरती पर ऐसा भी हो सकता है। राज्यपाल के बयान से स्थिति की गंभीरता को समझा जा सकता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की फैक्ट-फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट से भी संदेशखाली के हालात की भयानकता उजागर हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, गांव की महिलाओं से जुटाई गई गवाहियां परेशान करने वाली हैं, जो वहां व्यापक भय और व्यवस्थित दुर्व्यवहार की एक भयावह तस्वीर सामने लाती हैं। इसके मुताबिक, पीड़िताओं ने पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस के लोगों की ओर से की गई शारीरिक और यौन हिंसा की वारदातों का जिक्र किया। इससे लगता है कि शाहजहां शेख ने संदेशखाली में अपने गुनाहों का जो साम्राज्य कायम किया था, उसमें पुलिस भी सक्रिय तौर पर शामिल थी। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस गांव की जिस महिला ने भी अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना पड़ा। चारों ओर से दबाव पड़ने पर दिखावे के लिए कुछ छुटभैये किस्म के तृणमूल नेताओं को पुलिस ने जरूर पकड़ा है किंतु जो लोग संदेशखाली के हालात का जायजा लेने जा रहे हैं उनको भी रोकने की करवाई पुलिस और प्रशासन द्वारा किए जाने से साफ है कि ममता सरकार को महिलाओं के मान-सम्मान से अधिक अपनी पार्ट के नेताओं की चिंता है। पष्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। बंगाल में 27 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। ममता बनर्ज इनके तुष्टिकरण से ही सत्ता में बनी हुई है। और इस्लामी एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। ममता बनर्ज के शासनकाल में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को अपने धार्मिक रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार मनाने तक की स्वतंत्रता नहीं रह गई है। वस्तुस्थिति ये है कि वामपंथी सरकार के राज में जो गुंडे आतंक का पर्याय थे वे सभी सत्ता परिवर्तित होते ही तृणमूल कांग्रेस में आ गए। परिणामस्वरूप पष्चिमबंगाल की स्थिति आसमान से टपके खजूर पर अटके वाली होकर रह गई।

पहले जो लूटपाट वामपंथी पार्टी का कैडर करता था, वही अब तृणमूल कार्यकर्ता बन चुके असामाजिक तत्व धड़ल्ले से करते हैं। चूंकि पुलिस उनके क्रियाकलापों पर रोक नहीं लगाती लिहाजा जनता भी भयग्रस्त है। संदेशखाली की घटना पहली नहीं है। बीते कुछ सालों में यह राज्य अराजकता के शिकंजे में फंस गया है। चूंकि कांग्रेस और वामपंथी पूरे तौर पर हाशिए पर आ चुके हैं इसलिए भाजपा ही पश्चिम बंगाल में विकल्प के रूप में उभर रही है। संदेशखाली की लड़ाई में भी वही पीड़ित महिलाओं के साथ खड़ी हुई है। हालांकि लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चैधरी ममता सरकार के विरुद्ध आवाज उठाया करते हैं किंतु जिस इंडिया गठबंधन में तृणमूल भी शामिल है उसकी ओर से संदेशखाली में हुए अत्याचार के विरुद्ध कुछ न कहा जाना चौंकाता है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तरफ से भी ममता बैनर्ज की सरकार का वैसा विरोध नहीं हुआ जैसा अपेक्षित था। मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने विधानसभा में कहा है कि संदेशखाली में आरएसएस का अड्डा है और वही औरतों को उकसा और बरगला रहा है। यदि संघ किन्हीं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, तो मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? लेकिन ममता बैनर्ज ने इस कांड पर अब तक जिस प्रकार का गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाया वह शर्मनाक है। क्या यह संभव हो सकता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जानकारी ही न हो कि उनका सिंडिकेट कहां है? ममता-राज के दौरान तृणमूल के भीतर ही ऐसा सिंडिकेट बना दिया गया है, जो ज्यादातर हिंदू आबादी पर ही दरिंदगी दिखाते हैं। पुरुषों को जान से मार देने की धमकियां भी देते हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान इसी सिंडिकेट ने भाजपा के खिलाफ 273 घटनाएं की थीं। कई कार्यकताओं को भी मार दिया गया था। यह गुंडई पंचायत चुनावों में सरेआम कहर ढहाती रही है। क्या एक महिला मुख्यमंत्री का शासन ऐसा भी हो सकता है कि दरिंदे खुलेआम हत्याएं और अत्याचार कर सकें? इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का रवैया भी निराशाजनक है। जब किसी स्थान की दर्जनों महिलाएं उन पर हुए अमानुषिक अत्याचार की जानकारी सार्वजनिक रूप से दे रही हों तब तो मुख्यमंत्री को खुद उनसे मिलकर अपराधियों को सजा दिलवाने की पहल करनी चाहिए थी। लेकिन इसके विपरीत वे इसे राजनीतिक मोड़ देकर अपनी पार्टी के साथ जुड़े समाज विरोधी तत्वों को बचाने में जुटी हुई हैं।

बेहतर तो ये होता कि कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन में शामिल अन्य दलों का संयुक्त प्रतिधिमंडल संदेशखाली में पीड़ित महिलाओं की बात सुनकर ममता बैनर्जी को कठघरे में खड़ा करता किंतु वोटों की राजनीति के कारण महिलाओं के अपमान पर भी अधिकतर पार्टियां मौन साधे बैठी हैं।

चूंकि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं इसलिए देखना ये होगा कि इतना गंभीर मुद्दा कहीं राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और शोर-शराबे में दबकर न रह जाए। आरोपियों का कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जो नजीर बनें।



## कविता

**आरती- छत्तीसगढ़ महतारी**

जय जय छत्तीसगढ़िन ओ, दाई छत्तीसगढ़िन ओ।
तोर कोरा मा जनमेन-2, खेलेन अउ बाढ़ेन ओ।।

भारत के भुइँया मा बसे तँय, महिमा हे तोर भारी।
दक्षिण कोशल नाम ले जग मा, जानत हे नर-नारी।।

ऐंठी रुपिया करधन साँटी, पहिरे हे लुगरा हरियर।
मोहनी मुरतिया रुप हे दाई, हावस सब ले सुग्घर।।

अरपा पैरी महानदी के, धार बोहावत हे।
इंद्रावती हा दाई तोरे, चरण पखारत हे।।

धान के कटोरा दाई, सब झन कहिथें ओ।
चना गहूं तिवरा राहेर, लहरावत रहिथे ओ।।

तोर कोरा मा भरे हे दाई, खनिज के भंडार।
छत्तीसगढ़ महतारी तोरे, महिमा हे अपरंपार।।

चारो मूड़ा मा हावय दाई, देवता धामी के वास।
भक्तन के दुख पीरा हरथे, करथे बइरी के नास।।

डोंगरी-पहाड़ी जंगल-झाड़ी, सुग्घर हे तोर राज।
जे तोला गोहराथे दाई, ओखर बनाथस काज।।

अर्जी करत हँव दाई तोरे, महिमा जग मा छाय।
राजकुमार निषाद हा दाई, आरती ला सिरजाय।।

राजकुमार

# आस्था से अर्थव्यवस्था

**डा मनमोहन प्रकाश**

**भारत संविधान** से भले ही सनातन राष्ट्र ना हो किन्तु इस धर्म या विचार को मानने वालों की संख्या के आधार पर सनातनी राष्ट्र है। पिछले एक दशक में देश की जनता ने भयमुक्त होकर सनातन धर्म, संस्कार और संस्कृति का समर्थन किया है। कुछ मुठ्ठी भर लोगों ने विरोध भी किया, सनातन धर्म और उसके ग्रंथों को भला-बुरा कहा, पर अन्त में उन्हें हताशा और निराशा ही हाथ लगी। वहीं दूसरी ओर कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं को न चाहकर भी सनातन मंदिर के सामने नतमस्तक होना पड़ा। किन्तु अब प्रदेश और केंद्र की सरकारों को इसमें रोजगार और स्वरोजगार सृजन का मार्ग दिखाई देने लगा है।शायद इसी के मध्येनजर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए धर्म स्थलों को न सिर्फ आकर्षक बनाने की शुरूआत की गई अपितु इन्हें सभी सुविधाओं से युक्त करने के प्रयास भी तेज हुए हैं। पर्यटन के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना कोई नया फंडा नहीं है। विदेशों में पर्यटन को उद्योग मानते हुए इसके माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रयास किया जाता रहा है। कुछ देश तो पर्यटन के कारण ही फल-फूल रहे हैं,चाहे फिर वो यूएई हो, मलेशिया हो,मारिशस हो, यूरोप, दक्षिण अफ्रीका हो या फिर मालदीव आदि। स्वयं या परिवार के आनंद के लिए पर्यटन या यात्राएं वैसे तो पैसे वालों का शौक रहा है पर भारत में धर्म यात्राएं गरीब से लेकर अमीर व्यक्तियों का सपना होती हैं। जैसे हर सनातनी की इच्छा होती है कि वह अपने जीवन में एक बार चार धाम की यात्रा करे, बाराह ज्योतिलिंगों तथा इक्वायन शक्ति पीठों और अष्ट विनायक के दर्शन, जितना भी कर सके,अवश्य करे। इसी तरह अन्य धर्मो के अनुयायी अपने धर्म स्थलों पर जाना पसंद करते हैं। भारत भूमि की विशेषता यही है कि वह सनातन,जैन, बौद्ध,सिक्ख धर्मों की जननी रही है, इस कारण इन धर्मों के धर्म स्थल भी अधिक हैं। भारत ने पिछले दशक में धार्मिक पर्यटन से रोजगार/स्वरोजगार के मार्ग प्रशस्त होते देख धर्म स्थलों की दशा और दिशा सुधारने का, विकसित करने का, इन स्थलों की यात्रा को सुगम,सहज, सुविधा युक्त तथा धर्म स्थलों को आकर्षक बनाने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किये हैं। इन स्थानों को अच्छी रेल , सड़क एवं हवाई सुविधाएं प्रदान की जा रही है। स्थानीय तथा यात्रियों के लिए खान-पान से लेकर अन्य जरूरत की छोटी- बड़ी चीजों की आपूर्ति का ध्यान रखा जा रहा है।इन सब से नये-नये व्यापार और रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। धर्म स्थल एवं आसपास के स्थानों पर आधुनिक होटलों, धर्मशालाओं , रिसोर्ट का निर्माण हो रहा है। जल स्त्रोतों के शुद्धीकरण एवं रखरखाव पर ध्यान दिया जा रहा है, घाटों का निर्माण हो रहा है।नई टाउनशिप्स जन्म ले रही हैं, पुरानी टाउनशिप्स का विकास एवं विस्तार हो रहा है।

## विचार

# लोकसभा चुनाव 2024, पार्टियों की तैयारी पूरी

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

**वैश्य स्तरपर** लोकतंत्र के सबसे बड़े देश भारत में अगले दो माह में चुनाव होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 पर पूरी दुनियां की नजरें लगी है,क्योंकि आज हर वैश्विक मंच पर भारत का दखल महत्वपूर्ण माना जाता है।भारत की बात आज पूरी दुनियां में ध्यान से सुनी जाती है। आज हर देश को भारत के साथ, समर्थन सहयोग की जरूरत है जिसे रेखांकित करना जरूरी है। ऐसे अब इन चुनावों के मौके पर किसान आंदोलन की एंट्री ने सत्ताधारी पक्ष को हिला दिया है, क्योंकि मेरा मानना है कि सत्ताधारी पक्ष का सत्ता में वापस आना तो करीब करीब निश्चित है, परंतु बात अटकेगी उनकी अपेक्षा और नारा अबकी बार 400 पार और कुल वोटिंग प्रतिशत का 50 पर्सेंट से अधिक का लक्ष्य को अपने पक्ष में लाने के बीचकिसान आंदोलन का रोड़ा अड़ सकता है क्योंकि किसानों द्वारा दिनांक 18 फरवरी 2024 को देर रात्रि एमएससी पर चौथे दौर की बातचीत के सरकार के प्रस्ताव आए पांच फसल 5 साल एमआरपी निर्धारित को किसानों ने आज दिनांक 19 फरवरी 2024 को देर रात्रि खारिज कर दिया है और 21 फरवरी 2024 तक सरकार के जवाब काइंतजार के बाद आंदोलन का रुख तेज बनाया है जो सरकार के लिए परेशानी का सबब हो सकता है क्योंकि देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। चुंकि 400 पार 50 प्रतिशत वोटिंग से अधिक प्रतिशत के लिए किसानों का साथ जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकसभा चुनाव 2024 में हर राजनीतिक पार्टी के मुकद्दर का सिकंदर होंगे किसान,मजदूर व मध्यमवर्गीय पारिवार वोटर।

साथियों बात अगर हम रविवार दिनांक 18 फरवरी 2024 को देर रात तक चली चौथे दौर की बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री के बयान की करें तो उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत में गतिरोध दूर करने के लिए अगले पांच साल तक पांच फसलों झ्र मसूर, उड़द, अरहर, मक्का और कपास झ्र की पूरी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि नेफेड, एनसीसीएफ और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के जरिये की जाने वाली खरीद समझौदते के तहत होगी। इससे एमएसपी का दायरा धान एवं गेहूं से आगे ले जाने में मदद मिलेगी फिलहाल यह साफ नहीं है कि एमएसपी पर ये फसलें उन्हीं किसानों से खरीदी जाएंगी, जिन्होंने अपनी खेती में गेहूं और धान के अलावा विविधता लाने पर जोर दिया है या सभी से खरीदी जाएंगी।मं?त्री ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, एनसीसीएफ (राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ) और नेफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ) जैसी सहकारी समितियां उपज खरीदने के लिए अरहर, उड़द, मसूर या मक्का उगाने वाले किसानों के साथ समझौते करेंगी। अगले पांच साल तक उनकी फसल एमएसपी पर खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा, एमएसपी पर खरीद के लिए कोई मात्रा तय नहीं की जाएगी और इसके लिए एक पोर्टल तैयार किया जाएगा। मंत्री ने यह प्रस्ताव भी दिया कि भारतीय कपास निगम किसानों के साथ कानूनी समझौता करने के बाद अगले 5 साल तक कपास की खरीद एमएसपी पर करेगा।जवाब में किसान नेताओं ने कहा कि वे इस प्रस्ताव पर अपने साथी सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे और एक-दो दिन में अपना निर्णय बताएंगे। मगर किसान एमएसपी को कानूनी गारंटी देने की अपनी मुख्य मांग से पीछे हटते नहीं दिख रहे हैं। साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव 2024 की दहलीज पर किसान आंदोलन की करें तो, लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक पहले किसान एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। जिस समय राम मंदिर निर्माण के जोश से लबरेज पार्टी अपने पूरे वेग में आगे बढ़ रही थी और पीएम 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रहे थे, किसान उसके रास्ते में आकर खड़े हो गए हैं। यह माना जा रहा है कि यदि यह मामला नहीं सुलझा, तो पार्टी को इससे नुकसान हो सकता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## ब्यूटी टिप्स

# थ्रेडिंग के बाद आईब्रोज में आ जाती सूजन तो...

**शहनाज हुसैन**

थ्रेडिंग फैशन और जरूरत दोनों में ही शामिल है/ खूबसूरत चेहरे की चाह में आइब्रो की थ्रेडिंग करवाना आम बात है/ भौंहों का आकार आपके चेहरे को गजब का आकर्षण दे सकता है / आईब्रो आपके चेहरे के आकर्षण को पूरी तरह से बदल देता है/ आईब्रो का अच्छा शेप सुन्दरता में निखार लता है और लुक को बेहतर दिखाने में मदद करता है लेकिन कुछ महिलाओं की त्वचा काफी सम्बेदनशील होती है जिसकी वजह से आईब्रो बनवाते समय ज्यादा दर्द होता है आइब्रो को सही आकार देने के लिए थ्रेडिंग या ट्वीजिंग का इस्तेमाल करना पड़ता है और ये दोनों प्रक्रियाएं दर्द से भरी होती हैं/

आप भी उनमें से हैं जिन्हें ट्रेडिंग के बाद जलन और लालिमा का सामना करना पड़ता है तो आप कुछ घरेलू टिप्स की मदद से इससे राहत पा सकते हैं/ इससे न तो कोई साइड इफेक्ट होगा और नहीं कोई पैसे खर्च होंगे

**आइस क्यूब.**--------थ्रेडिंग के बाद आइब्रो में दाने निकल आते हैं और जलन सूजन लालिमा और मुहांसे हो जाते हैं तो ऐसे में तुरंत बर्फ का टुकड़ा/ आइस क्यूब लगाकर आईब्रो पर मसाज करें/ इससे जलन में काफी आराम मिलता है/ त्वचा में अन्दर तक ठण्डक पहुंचाने में बर्फ काफी मदद करती है / इस में कूलिंग और सूथिंग इफेक्ट होता है/ आईब्रो के आस.पास बर्फ लगाने से स्किन पर थ्रेडिंग करते समय दर्द नहीं होता।
दिन में दो बार आइस क्यूब से सिकाई करने के बाद आपको फर्क जल्दी नजर आने लगेगा

**एलोवेरा**

अगर आपको आईब्रो बनवाने के बाद जलन, रेडनेस और मुंहासों की समस्या परेशान करती हैं तो थ्रेडिंग के बाद थोड़ा सा एलोवेरा जेल लेकर उसे आस पास की त्वचा पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें/

यह त्वचा को डीप नरिश भी करता है और कील , मुंहासों को कम करने में मदद करता है/

इसके लिए एलोवेरा के ताजे पत्ते लें और उसे आईब्रो पर लगाएं। इससे जलन, सूजन और दर्द की समस्या गायब हो जाएगी / एलोवेरा में कूलिंग इफेक्ट होता है और एंटीबैक्टीरियल गुण भी होता है>

# असफलतायें बड़ी सफलता का मार्ग

**संजीव**

**सफलता** संयम और उत्साह से प्रयास की परिणति । असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है और असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दशार्ती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,
लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत शहरी विधानसभा में ईजी डे से जाटल रोड तक 1.90 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क



**पानीपत/कमाल हुसैन** पानीपत शहरी विधानसभा में शहरी विधायक प्रमोद विज के द्वारा लगभग 1 करोड़ 90 लाख की लागत से ईजी डे से जाटल रोड तक लगभग 1 किलोमीटर का वीआईपी मार्ग बनवाया जाएगा कसड़क निर्माण के उपरांत मॉडल टाउन का सौन्दर्यीकरण बढ़ जाएगा एवं शहर को वीआईपी मार्ग मिलेगा कविधायक प्रमोद विज बहुत समय से सड़क के पुनर्निर्माण हेतु प्रयासरत थे ,विधायक ने जानकारी देते हुए कहा कि शीघ्र ही निर्माण कार्य का शिलान्यास करके कार्य प्रारम्भ किया जाएंगा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में शहर के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत हू, आने वाले समय में निश्चिंत ही शहर की दिशा और दिशा बदलेगी एवं धरातल पर हो रहे विकास कार्यो से आम लोगों का जन जीवन आसान होगा

**ये होंगे विकास कार्य**

1. नगर निगम की फाइनेंस कमेटी के रोक के बाद विधायक ने विशेष तौर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से सड़क निर्माण हेतु मंजूरी ली थी। वार्ड 20 के मॉडल टाउन की सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वालीं सड़क के पुनर्निर्माण से राहगीरों को नया मार्ग मिलेगा कइस मार्ग के चौड़ीकरण से मार्ग में चलने वाले राहगीरों को यातायात के दौरान जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा एवं आवागमन में समय की बचत होगी कसड़क के बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा एवं मार्ग को सुन्दर बनाने हेतु फैंसी लाईट लगाई जाएंगी

2.42 लाख की लागत से सड़क के दोनों तरफ फूट पाथ एवं सड़क के बीच मे सुन्दर पेड़ लगाने के लिए प्लांटर का निर्माण कराया जाएगा

3.45 लाख की लागत से डेकोरेटिव लाईट लगाने का कार्य किया जाएगा

बिजली विभाग को सौंपे 1 करोड़ 17 लाख रुपये :– सड़क निर्माण को शीघ्र अतिशीघ्र चालू कराने के लिए संबंधित विभाग द्वारा साइड पोल एवं ट्रांसफर शिफ्टिंग के लिए 1 करोड़ 17 लाख की राशि बिजली विभाग को हस्तांतरित कर दी गयीं है एवं शीघ्र शिफ्टिंग के आदेश दिए गए हैं

### शिक्षा मंत्रालय द्वारा डॉ सत्यपाल सिंह को कुलाधिपति नियुक्त करना अवैध एवं नियम विरुद्ध: राधाकृष्ण आर्य



**पानीपत, कमाल हुसैन**

आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संचालित सभी आर्यसमाजों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शिक्षा मंत्रालय द्वारा सारे नियमों को ताक पर रखते हुए गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलाधिपति के रूप में डॉ सत्यपाल सिंह सांसद की नियुक्ति किए जाने पर रोष जताया। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा प्रधान श्री राधाकृष्ण आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय हरिद्वार आर्य समाज की सर्वोच्च शिक्षण संस्था है। जिसकी स्थापना 1901 में महान स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानंद द्वारा की गई थी। वर्तमान में इसकी स्वामिनी एवं स्पॉन्सरिंग समिति का दायित्व तीन आर्य प्रतिनिधि सभाएं जिसमें आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा एवं दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा संयुक्त रूप से निभा रही हैं। डॉ सत्यपाल सिंह ने 30 दिसंबर 2022 को कुलाधिपति पद से त्यागपत्र दे दिया था। जिसे स्पॉन्सरिंग समिति ने स्वीकार कर लिया था और उनके स्थान पर 3 मार्च 2023 को नए कुलाधिपति के रूप में सुदर्शन शर्मा की नियुक्ति कर दी थी। किंतु उस पश्चात. डॉ सत्यपाल सिंह ने अपने पद एवं प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी के अधिकारियों से नियम विरुद्ध, अवैध व असंवैधानिक और अनैतिकता से खुद को कुलाधिपति के रूप में नियुक्त करने का कुकृत्य कर रहे थे। यूजीसी एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा गत 11 फरवरी को डॉ सत्यपाल सिंह को नियम विरुद्ध कुलाधिपति नियुक्त भी कर दिया गया है। जबकि सुदर्शन शर्मा पहले से ही कुलाधिपति के रूप में कार्य कर रहे हैं। ऐसा कैसे मुमकिन हो सकता है कि एक कुलाधिपति के रहते दूसरे कुलाधिपति को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में आर्यजन डॉ सत्यपाल सिंह की अनैतिकता और असंवैधानिक रूप से पद हड़पने का पूर्ण विरोध करेंगे। राधाकृष्ण आर्य ने बताया कि जल्द ही प्रदेश भर में मीटिंगों का आयोजन कर आगामी रणनीति बनाई जाएगी और इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

# शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ धूमधाम से की गई





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

शास्त्री कॉलोनी सिथत मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ धूमधाम से की गई। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने शिव परिवार की आँखों से पट्टी हटाकर श्रधालुओं को भव्य दर्शन करवाए और सभी को बधाई दी।

इस अवसर पर हवन यज्ञ के आयोजन के साथ भजन कीर्तन किया गया। इस मंदिर में सिथत शिव परिवार के खंडित होने के कारण मंदिर समिति ने शिव परिवार की पुनः प्राण प्रतिष्ठा करवाई है। मुख्य यजमान के रूप में विकास गाहल्याण और सुमन ने मूर्तियों का श्रंगार किया।

राजीव जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि भगवान शिव पूरी पृथ्वी का कल्याण करने वाले देवता माने जाते हैं और शिव परिवार की आराधना करने से सभी की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। हिन्दू मान्यता के अनुसार भगवान भोले नाथ को त्रि नेत्र धारी कहा गया है और भगवान भोले नाथ बहुत जल्द ही भक्तों के द्वारा केवल जल चढाने से ही प्रसन्न हो जाते हैं जबकि अन्य देवी देवताओं की कठिन पूजा करने के बाद मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर रमेश लठवाल, विजय लाकडा, रत्नवीर जेईई, सतपाल, राजसिंह राजबीर, सतबीर मलिक, राजेन्द्र, सतबीर चिढाना, सतबीर खत्री, ऋषिप्रकाश, डाक्टर बलराम, रमेश मास्टर, जयभगवान, राजसिंह दलाल, योगेन्द्र, सुरेश,गुलाब, पंडित महेंद्र, चांद, समुन्द्र, आदि कॉलोनीवासी भोले के भक्त उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर संगीता सपरा ने की। शिविर के दौरान स्वयं सेविकाओं के द्वारा विभिन्न गतिविधि की गई । जिसमें कॉलेज महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई , व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियां , कोलाज मेकिंग, पोस्टर मेकिंग,गायन एवं भाषण संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर के सायं कालीन सत्र के दौरान सड़क सुरक्षा विषय पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत कर संदेश दिया गया की सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन न करने के कारण हर वर्ष भारत वर्ष में कितनी अनमोल जाने जाती हैं। कार्यक्रम अधिकारी अंकित ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेविकाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक है,

यह विद्यार्थियों को समाज से जोड़ती है तथा अपने व्यक्तित्व के विकास के साथ ही बौद्धिक विकास एवं कौशल विकास के अवसर भी प्रदान करती है।

### महिलाओं के विरुद्ध बढ़ रहा है अपराध : राजेश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन में महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय मॉडल स्कूल कुटेल और आईटीआई बस्ताडा में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया। राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया।

## राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन की मुख्य समस्याओं के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन

### उत्तर रेलवे सलाहकार समिति गन्नौर के सदस्य त्रिलोक चंद शर्मा ने की समाधान की मांग



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

उत्तर रेलवे सलाहकार समिति गन्नौर के सदस्य त्रिलोक चंद शर्मा ने राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन की मुख्य समस्याओं के समाधान को लेकर रेलवे पानीपत के सीएमआई को समाधान पत्र देकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। समाधान पत्र में उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन पर पानी का प्रबन्ध दोनों प्लेट फार्मों पर नहीं है, गर्मी के मौसम में पीने के पानी का प्रबन्ध किया जाये। दोनों प्लेट फार्मों पर एक भी शौचालय नहीं है, शौचालय बनवाए जाए। गर्मी के मौसम में रेल यात्री धूप में खड़े होने को मजबूर है क्योंकि दोनो प्लेट फार्मों पर शैड नहीं है। एक भी सफाई कर्मचारी नहीं है जिसके कारण यहां कभी सफाई नहीं होती, कर्मचारी की व्यवस्था की जाए । इसके अलावा प्लेट फार्म नं. 2 पर गाव की साईड आधे प्लेट फार्म पर ग्रील नहीं है जिसके कारण यहां आवारा पशु प्लेट फार्म पर आ जाते है जिससे किसी दुर्घटना के होने का अन्देशा रहता है। प्लेट फार्म न 1 पर स्टेशन पर जाने वाला रास्ता कच्चा है , उस पर टायल लगवाई जाए। शर्मा ने बताया कि सीनियर सिटिजन को एक प्लेट फार्म से दूसरे प्लेट फार्म पर जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

क्योंकि सीनियर सिटिजन पुल के ऊपर नहीं चढ़ सकता है और पांच रेलवे लाईन पार करने में भी खतरा बना रहता है, गांव की साईड में जहां दोनों प्लेट फार्म शुरू होते हैं वहा पर 4 फुट चौड़ा लेवल क्रोसिंग बनाया । रेलवे सलाहकार समिति सदस्य त्रिलोचन शर्मा ने बताया कि उन्हें समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिला है।

### 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 22 फरवरी'



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा प्लॉट आबंटित किए जाने हैं। एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए जिन लोगों द्वारा बीते सितंबर-अक्तूबर में आवेदन किया गया था। सरकार की ओर से उन्हें प्लॉट बुकिंग के लिए 10 हजार रुपये की ऑनलाईन फीस जमा करवाने के लिए कहा गया है, जिसकी अंतिम तिथि 22 फरवरी है। इसके बाद ही आवेदनकर्ता लक्की ड्रा में भाग ले सकता है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने मंगलवार को बताया कि सेक्टर 9 व 32 में 842 प्लॉट हैं, जिनके लिए आवेदन मांगे गए थे। इस योजना का लाभ लेने के लिए करनाल शहर के 10 हजार 394 व्यक्तियों ने फार्म भरा था। इन्हें प्लॉट पाने के लिए बुकिंग करवानी होगी, जिसकी अंतिम तिथि 22 फरवरी 2024 है। जो व्यक्ति इस अवधि तक ऑनलाईन 10 हजार रुपये की राशि जमा करवाएंगे, उनका नाम लक्की ड्रा में शामिल किया जाएगा। ड्रा की तारिख फिलहाल तय नहीं हुई है। 14 जगहों पर चल रही योजना- उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा योजना को 14 जगहों पर लागू किया गया है।

## दीप चींडालिया को किया सम्मानित



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**दीप** चींडालिया आस्ट्रेलिया,की और से चलाई गई मुहिम हर घर सविधान के तहत समाज में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी, नेता, समाजसेवी, पत्रकार को संविधान पुरस्कार दे कर समानित किया जा रहा है। आज दीप चींडालिया की टीम से वाल्मीकि समाज के प्रधान गोविंदा लाहोट द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे चांद मिगलानी व वैभव छाबड़ा को समानित किया। चांद मिगलानी ने कहा की आज हमारे सविधान के बारे में सबको जानकारी होना बहुत आवश्यक है क्योंकि आज की पीढ़ी को इसके बारे में जानकारी नहीं है व्ही चांद मिगलानी ने कहा की सविधान पुरस्कार मिलने से आज एक अलग अपने क्षेत्र में काम करने की अलख जागी है। वही आस्ट्रेलिया निवासी दीप चींडालिया व हरियाणा वाल्मीकि सभा के अध्यक्ष गोविंदा लहोट का आभार जताया।

## 'भू-जल बचाने की मुहिम को गांव स्तर पर जनांदोलन का रूप देना होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** भू-जल बचाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने होंगे। विशेषकर गांव स्तर पर भूजल बचाने की मुहिम को जनांदोलन का रूप देना होगा, तभी हम उम्मीद कर सकते हैं कि हम भूजल बचाने में कुछ हद तक कामयाब होगें। उपरोक्त शब्द कार्यकारी अभियन्ता नवतेज सिंह ने अटल भूजल योजना द्वारा पंचायत भवन में विभिन्न सहयोगी विभागों के अधिकारियों और भूजल सहेलियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि अटल भूजल योजना जिला के खण्ड करनाल के 41 गांवों में अधीक्षण अभियन्ता संजय राहर के नेतृत्व में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही है। 41 गांवों में 45 भूजल सहेलियां जमीनी स्तर पर योजना को आम लोगों के साथ जोडने का कार्य कर रही हैं।

## हर घर परिवार सूर्य नमस्कार आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन सूर्य नमस्कार: दिनेश



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस। मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के तहत बलदेव स्कूल सेक्टर-13 में मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे महिला प्रमुख नीलम बटला, शिक्षक ऐनफ चौधरी और राजीव शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। नीलम बटला ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए उससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

सर्वप्रथम दिनेश गुलाटी द्वारा सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया गया। प्रतियोगिता के दौरान दिनेश गुलाटी ने कहा कि 12 आसनों को मिलाकर सूर्य नमस्कार बनाया गया है, हर आसन का अपना महत्व है, सूर्य नमस्कार बेहतर पाचन तंत्र के लिए, रीढ़ की हड्डी को मजबूती देने के लिए, बेहतर रक्त संचार के लिए, मोटापा कम करने के लिए, मानसिक शांति के लिए लाभकारी हैं। हर्निया वालों को, उच्च रक्तचाप वालो को, कमर दर्द और गर्भावस्था में सूर्य नमस्कार नहीं करना चाहिए।

### झज्जरः सड़क पार कर रही महिला की कैंटर की चपेट में आने से मौत

**झज्जरः शहर** में दिल्ली-रोहतक रोड पर मंगलवार को सड़क पार कर रही एक महिला को कैंटर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कैंटर चालक दुर्घटना को अंजाम देने के बाद मौके से वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। थाना शहर पुलिस ने आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## निशुल्क शिविर में 436 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

### जरूरतमंद को निशुल्क चश्मा वितरण के साथ निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की दी सुविधा : प्रतीक



**टीम एक्शन इंडिया/राई** । गाँव दीपालपुर में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखन भोग वाले) की तरफ से निःशुल्क नेत्र जाँच कैम्प आयोजित किया गया। जिसमे 436 लोगों ने अपनी आँख जाँच करवाई । कैम्प में फ्री चश्में जरूरतमंद को दिए गए। 45 लोगों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन फ्री में करवाया जाएगा। डॉ श्रॉफ चैरिटेबल अस्पताल से डॉ धीरेंद्र ने कैम्प का संचालन किया। संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने कहा कि संस्था द्वारा राई हल्के के प्रत्येक गांव में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करवाया जा रहा । हमारी संस्था का प्रयास है कि गांव के गरीब व जरूरतमंद लोगों को गांव में बैठे ही मेडिकल की सुविधा मिले । संस्था इसलिए काफी लंबे समय से कार्य कर रही है। प्रतीक शर्मा ने बताया कि इसके अलावा संस्था द्वारा लड़कियों के कॉलेज आने व जाने के लिए निशुल्क बस की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है । इसके अलावा गांव में पेयजल के लिए पीने के पानी के टैंक के अलावा अन्य भी समाज सेवा के कार्य किया जा रहे हैं । इस मौके पर कौशिक, कृष्ण कुमार, प्रेम कौशिक, अशोक कुमार, बीजेंद्र, प्रेम, जगमंदर, राजू, जगदीश, इन्दरपाल, रवींद्र, विनोद आदि शामिल रहे ।

**निशुल्क**

8 संस्था द्वारा राई हल्के के प्रत्येक गांव में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करवाया जा रहा

## आम आदमी पार्टी का जनसंपर्क अभियान गांव खोतपुरा पहुंचा

### - ग्राम अध्यक्ष और ग्राम सचिव को सुखबीर मलिक ने दी जिम्मेवारियां



**पानीपत, कमाल हुसैन**

आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू जनसंपर्क के अंतर्गत आ सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम ने गांव खोतपुरा का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी और उनको आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया। बढ़ती हुई मंगहाई के दौर मे आपके हक की मूलभूत सुविधाओं के बारे मे जानकारी दी। ग्राम सचिव ग्राम अध्यक्ष को बूथ मैनेजमेंट करने के लिए सुखबीर मलिक ने अधिकृत किया

आम आदमी पार्टी का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ रहा है आम आदमी पार्टी की मूलभूत सुविधाएं लोगों को महंगाई के दौर में पसंद आ रही है। लोग दिल्ली में पंजाब की तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार चाहते हैं।

गावँ खोतपुरा से संजीत कृष्ण लाल सुल्तान संधू बाल किशन संधू अमन सिंह संधू सुरेंद्र योगी नाथ रामकिशन धीमान अमरदीप धीमान अफसर अली धरम वीर शर्मा विकास ओम प्रकाश शर्मा अमन सिंह शर्मा जय भगवान शर्मा सतबीर सिंह सत्यनारायण शर्मा धर्म दत्त शर्मा बलबीर सिंह पप्पू लाल राजेंद्र कुमार देवेंद्र कुमार श्रवण कुमार शेर सिंह सुभाष शर्मा ईश्वर संधू राम मेहर रफीक अली हरी राम प्रदीप जय भगवानव अन्य साथियों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों को पसंद किया और आने वाले चुनाव में समर्थन देने का वादा कियालोगों ने आम आदमी पार्टी में अपनी निष्ठा दिखाई और पार्टी के लिए काम करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक और उनकी टीम मैं होशियार सिंह प्रदेश सह सचिव राजकुमार मुंडे संदीप मनचंदा उनके साथ थे।

**समस्याएं सुनीं**

8 गांव खोतपुरा का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं

## महंत राजेन्द्र पुरी का हिंदुत्व एवं सनातन धर्म की अलख जगाने का अभियान निरंतर जारी



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** जग ज्योति दरबार के महंत राजेन्द्र पुरी का देश विदेश में हिंदुत्व और सनातन धर्म की अलख जगाने का अभियान निरंतर जारी है। इसी अभियान के चलते प्रतिदिन कस्बों और गांवों में अपने धर्म प्रचार के कार्यक्रम भी आयोजित कर रहे हैं। साथ ही संस्थाओं का सहयोग भी कर रहे हैं।महंत राजेंद्र पुरी ने विश्व हिंदू परिषद कुरुक्षेत्र के सदस्यों से मुलाकात की। महंत राजेंद्र पुरी ने विश्व हिंदू परिषद टीम के निस्वार्थ सेवा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए, उनको आर्थिक मदद के तौर पर चैक भी प्रदान किया। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से राकेश मेहता, पवन धीमान, राजेंद्र सैनी, अजय गुप्ता, नागेंद्र सीकरी और राकेश शर्मा इत्यादि मुख्य तौर पर रहे। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि धर्म ही भारतीय संस्कृति का मूल है और सनातन धर्म ही हिंदू राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही अनेक शक्तियों ने भारत के अस्तित्व को मिटाने के लिए प्रयास किए लेकिन भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं सनातन मजबूती से खड़े रहे। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि उन्होंने हिंदुत्व एवं सनातन के लिए सब कुछ समर्पित किया है।

# बजट सत्रः राज्यपाल ने खींचा विकास का खाका

**अभिभाषण**

**8 सरकार के लिए गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान की निरंतर सर्वोच्च प्राथमिकता रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन मंगलवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अपने अभिभाषण में कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन, स्वाभिमान, सेवा और सुशासन को आधार बनाकर प्रदेश के सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी विकास के लिए दिन प्रतिदिन कार्यरत है। सरकार के लिए गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान की निरंतर सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अन्त्योदय का दर्शन हमारी व्यवस्था परिवर्तन और सुशासन के पथ पर एक प्रकाश स्तम्भ के रूप में मार्गदर्शन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के कण-कण में वीरों की कुर्बानियां समाई हुई हैं। बहादुर जवान देश की सीमाओं पर हर क्षण चैकस हैं। किसानों के परिश्रम से देश के अन्न भंडार भर जाते हैं। हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में जीतकर देश का मान बढ़ाते हैं। हरियाणा सही मायने में जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान के नारे को चरितार्थ करता है। प्रति व्यक्ति आय की बात हो, उद्योगों के विकास की बात हो, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण की डगर हो या फिर कृषि में नवाचार की पहल, आज हर मामले में राष्ट्रीय फलक पर हरियाणा की बलिष्ठ उपस्थिति नजर आती है। हमारा कृषि प्रधान प्रदेश आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के रथ पर सवार होकर पूरे वेग से प्रगति पथ पर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष राष्ट्र को कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करने का गौरव प्राप्त हुआ है। हमारे वैज्ञानिकों ने चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग करवाकर भारतवर्ष का परचम लहराने का काम किया। इसी प्रकार, सूर्य का अध्ययन करने के लिए भेजा गया आदित्य एल-1 भी अन्तरिक्ष में अपनी आभा बिखेरता रहेगा। गत वर्ष भारत को जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस शिखर सम्मेलन के दौरान भारत कई गम्भीर मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय सहमति कायम करवाने में सफल रहा और विश्व ने हमारी नेतृत्व क्षमता का लोहा माना है।

बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा से आज समूचा देश राममय है। राष्ट्र के कण कण में भक्ति, शक्ति, गर्व और गौरव का भाव व्याप्त है। इस पवित्र पराकाष्ठा के लिए मैं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देता हूँ। लगभग 500 वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के पश्चात, देशवासियों को यह दिन दिखाने के निमित्त बने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी साधुवाद देता हूँ। भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के स्वप्न को वास्तविकता बनाकर उन्होंने करोड़ों भारतीयों की आशाओं को पूरा किया है तथा उनकी आस्था को सम्बल प्रदान किया है। यह मन्दिर हमारे राष्ट्र की सामाजिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत का अप्रतिम प्रतीक है।

**सरस्वती नदी पुनरुद्धार को स्वीकृति प्रदान कीः** राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार ने सरस्वती नदी में प्रवाह के लिए सरस्वती नदी पुनरुद्धार तथा धरोहर विकास परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत 388.16 करोड़ रुपये लागत की एक परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। आदिबद्री बांध के निर्माण को हिमाचल सरकार के साथ समझौता किया है। डैम हिमाचल द्वारा बनाया जा रहा है, जिसके जून, 2026 तक पूरा होने की सम्भावना है। इसके अलावा, सरकार रावी-ब्यास नदियों के पानी का अपना वैध हिस्सा प्राप्त करने और सतलुज-यमुना लिंक नहर को पूरा करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मामले में निरंतर ठोस पैरवी की जा रही है। प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की पहली प्राथमिकतं हैं। बुनियादी ढांचा मजबूत होने से लोगों का जीवन तो सरल बनता ही है और निवेश लाकर अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देता है।







## सामूहिक पशुधन बीमा योजना भी चलाई जा रही

**राज्य** के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना भी चलाई जा रही है। अनुसूचित जाति से सम्बन्धित लाभार्थियों के पशुओं का बीमा मुफ्त किया जाता है। इसके अलावा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अन्तर्गत 30,747 लाभार्थियों को अब तक 72.12 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1 लाख 50 हजार पशुपालकों को कार्ड दिए जा चुके हैं। दुर्घटना बीमा योजना के तहत सहकारी दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों को 10 लाख रुपये प्रतिव्यक्ति दुर्घटना बीमा कवर दिया जाता है। इतना ही नहीं, राज्य सरकार ने पशुपालकों को उनके द्वार पर पशुचिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से मोबाइल पशु चिकित्सा की अनूठी पहल की है। पूर्ण रूप से निर्मित 70 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों की खरीद की जा चुकी है। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि राज्य सरकार ने पिराई सीजन 2023-24 हेतु गन्ने की अगेती किस्मों के लिए राज्य परामर्शी मूल्य 386 रुपये प्रति क्विंटल और पछेती किस्मों के लिए 379 रुपये प्रति क्विंटल का भाव दिया है। सरकार ने आगामी पिराई सीजन 2024-25 के लिए भी अगेती और पछेती किस्मों के लिए क्रमशः 400 तथा 393 रुपये प्रति क्विंटल का भाव देने का निर्णय लिया है। ग्रीन एनर्जी की तरफ कदम बढ़ाते हुए, सरकार ने कैथल और जींद, रोहतक और महम, करनाल और असंध, गोहाना और सोनीपत तथा पलवल सहकारी चीनी मिलों में कलस्टर आधार पर इथेनॉल संयंत्र स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति दी है। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार पानी की एक-एक बूंद का इष्टतम उपयोग करने तथा वितरण में होने वाली पानी की बबार्दी को कम करने के लिए, नहरों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। हर खेत को पानी मुहैया करवाने के उद्देश्य से वर्ष 2023-24 के दौरान रीमॉडलिंग और पुनर्वास की 72 परियोजनाएं पूरी की गई हैं। इनमें जे.एल.एन. फीडर तथा हांसी शाखा की प्रमुख परियोजनाएं भी शामिल हैं। डार्क जोन में खेतों में एकत्रित हुए बारिश के पानी से भू-जल पुनर्भरण के लिए 893 रिचार्ज वैल का निर्माण किया गया है। वर्ष 2023-24 के दौरान जिला महेंद्रगढ़ में 5 चेक डैम और 26 जलाशयों का निर्माण कर लगभग 250 करोड़ लीटर पानी संरक्षित किया गया है।

## 'प्रदेश के विकास में हर व्यक्ति की समान रूप से सहभागिता'

**राज्यपाल** ने सभी प्रदेशवासियों के स्वस्थ, खुशहाल, स्वावलम्बी बनने और प्रदेश के विकास में हर व्यक्ति की समान रूप से सहभागिता होने की कामना करते हुए कहा कि हरियाणा प्रगति के पथ पर निरंतर गतिशील रहे, विकास के मामले में नित नए आयाम स्थापित करे। यह सदन लगभग 2 करोड़ 85 लाख प्रदेशवासियों की आशाओं का ध्वजवाहक है। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के खातों में पिछले 7 सीजन में खरीदी गई फसल के लिए लगभग 90 हजार करोड़ रुपये की राशि सीधे डाली गईं।

हरियाणा सरकार 14 फसलों की एम.एस.पी. पर खरीद करती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के 19.94 लाख किसानों के खातों में गत चार वर्षों में 4157.73 करोड़ रुपये की राशि सीधे जमा करवाई गई है। भावांतर भरपाई योजना के अन्तर्गत बाजरा उत्पादक किसानों के बैंक खातों में 836.12 करोड़ रुपये की राशि डांली गई है। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के खातों में पिछले 7 सीजन में खरीदी गई फसल की एवज में लगभग 90 हजार करोड़ रुपये की राशि सीधे डाली गई है। इसके अलावा, किसानों को राहत देने के लिए राज्य सरकार द्वारा भावांतर भरपाई योजना शुरू की है। भावांतर भरपाई योजना के अन्तर्गत बाजरा उत्पादक किसानों के बैंक खातों में 836.12 करोड़ रुपये की राशि डाली गई है।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत 32.06 लाख किसानों को उनकी फसल खराब होने पर लगभग 8,178 करोड़ रुपये के क्लेम दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से फसल खराब होने पर मुआवजा राशि 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति एकड की गई है। गत चार वर्षों में प्राकृतिक आपदा से फसलें खराब होने पर किसानों को लगभग 1845.95 करोड़ रुपये की राशि मुआवजे के रूप में दी गई।

## राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती योजना लागू कीः राज्यपाल

**राज्यपाल** ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य को गिरावट से बचाने और खतरनाक कीटनाशकों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती योजना लागू की है। इसके लिए शुरू किए गए समर्पित प्राकृतिक खेती पोर्टल पर अब तक 13,388 किसानों ने अपना पंजीकरण किया है। कुरुक्षेत्र के गुरुकुल के घरोंडा सरसा के मंगियाना में 4 प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केंद्र खोले गये हैं। उन्होंने कहा मेरां पानी मेरी विरांसत योजना के तहत धान की जगह दूसरी फसलें पर 7,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से लगभग 117.22 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। समय पर ऋण की अदायगी करने वाले किसानों को बिना ब्याज फसली ऋण की सुविधा दी गई है। प्रदेश में 12 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें से कुछ में इजराइल की तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। पिंजौर में 78 एकड़ भूमि पर 150 करोड़ रुपये की लागत से सेब, फल एवं सब्जी मण्डी निमार्णाधीन बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि नई व अतिरिक्त मंडियों के विकास पर 1095 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है।

# भूजल प्रबंधन के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत

**सुधार**

**8 समुदायों तथा विभागों को सम्मिलित करते हुए भूजल प्रबंधन में सकारात्मक सुधार किया जा रहा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में सरकार भूजल प्रबंधन के लिए निरंतर प्रयासरत है। भूजल प्रबंधन राज्य की प्राथमिकताओं में से एक है कइसी कड़ी में अटल भू जल योजना के माध्यम से भूजल स्तर में गिरावट को रोकने और समुदायों तथा संबंधित विभागों को सम्मिलित करते हुए भूजल प्रबंधन में सकारात्मक सुधार किया जा रहा है। अटल भू जल योजना में अब तक लक्षित ग्राम पंचायतों में 1669 रेन गेज, 1000 पीजोमीटर, 2000 वाटर फ्लोमीटर लगाने के साथ साथ 2 जल गुणवत्ता प्रयोगशाला का निर्माण किया गया है क किसानों को जागरूक कर कम सिंचाई वाली फसलों को अपनाने के लिए फसल विविधीकरण पर जोर दिया जा रहा है। अब तक लगभग 15500 हेक्टेयर जमीन पर धान की सीधी बिजाई पद्धति को किसानों द्वारा अपनाया गया है। नियमित जागरूकता बैठकों, स्कूल रैलियों, वाल पेंटिंग, स्कूल प्रतियोगिताओं, नुक्कड़ नाटक, इत्यादि आई.ई.सी. गतिविधियों का आयोजन कर किसानों/ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की चेयरपर्सन श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा ने जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल हरियाणा को भूजल बचाने में अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भूजल के महत्व के संबंध में जल संरक्षण सतत विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है और यह सराहनीय है कि सरकार इस क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने के लिए सकारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत पर एक भूजल-सहेली का चयन किया गया है, जो नियमित रूप से वर्षा जल मापने के साथ साथ भूजल स्तर की जानकारी किसानों एवं ग्रामीणों के साथ साझा करती है। अटल भूजल योजना प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 95वीं जयंती पर शुरू की गई एक महत्वपूर्ण भूजल प्रबंधन योजना है। इस योजना का उद्देश्य भूजल स्तर में गिरावट को रोकना और समुदायों तथा संबंधित विभागों को सम्मिलित करते हुए भूजल प्रबंधन में सकारात्मक सुधार करना है। मुख्यमंत्री के सलाहकार (सिंचाई) देवेन्द्र सिंह ने राज्य में भूजल की स्थिति, उपलब्धता एवं प्रबंधन के प्रति सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को त्रुटिरहित आंकड़ों के आधार पर सटीक योजना बनाकर क्रियान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने मेरा पानी मेरी विरासत अभियान के तहत सरकार द्वारा की गई उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की बबार्दी रोकने के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त की और भूजल के न्यायिक उपयोग को बढ़ावा दिए जाने का आह्वान किया है।

## मनोहर सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर 22 को कराई जाएगी चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा की मनोहर लाल सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नोटिस को स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने मंगलवार को अठारह समर्थक विधायको की पुष्टि के बाद मंजूर कर लिया। स्पीकर ने कहा कि कांग्रेस द्वारा पेश किए जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर 22फरवरी को चर्चा कराई जाएगी।

चर्चा के बाद अविश्वास प्रस्ताव को नामंजूर कर दिए जाने की पूरी संभावना है।इसका कारण यह है कि सत्तारूढ़ गठबंधन भाजपा और जेजेपी के सदस्यों के साथ बहुमत का आंकड़ा पूरा करता है।

# लोकसभा-विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आप की तैयारियां तेज

**बैठक**

**8 वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी रहे मौजूद, चंडीगढ़ में इंडिया गठबंधन का मेयर बनने पर देशवासियों को बधाई**

**टीम एक्शन इंडिया/जींद /चडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने मंगलवार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अलग अलग समय पर पार्टी की सभी विंग के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा मौजूद रहे। इसके अलावा बैठक में लीगल, ट्रेड, ओबीसी, इंटिलक्चुअल, माइनोरिटी, डॉक्टर, महिला, किसान, सीवाईवाईएस, शिक्षा, एक्स सर्विस मैन, लेबर विंग, यूथ, एससी, कल्चर, एक्स एम्प्लॉय, स्पोर्ट्स और ट्रांसपोर्ट विंग के पदाधिकरी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व काफी संख्या में लोगों ने दूसरी पार्टियों को छोड़कर



आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर गहन चर्चा की। इस दौरान लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्तियों ने अपने आवेदन भी दिए और आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने लोकसभा चुनाव में जीतने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों की राय आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप को भेजी जाएगी। ताकि वो हरियाणा की वास्तविक स्थिति से अवगत हो सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इंडिया गठबंधन या अकेले चुनाव लड़ने पर राष्ट्रीय नेतृत्व जो भी फैसला करेगा आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर पूरा संघर्ष करेंगे और चुनाव जीतेंगे। इस बैठक में राज्यस्तर से लेकर फ्रंट लेवल के अधिकारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार इंडिया गठबंधन को मेयर का पद मिला जो देश के लोगों के लिए बेहद खुशी की बात है। जिस प्रकार चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा द्वारा सरेआम लोकतंत्र की हत्या की गई। इससे भाजपा की हेराफेरी का पदार्फाश हो गया है और अंत में सत्य की जीत हुई है। जो वोट इन्होंने चुराए थे उन वोटों को सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पक्ष में डिक्लेयर किया है और भाजपा को हेराफेरी को सामने ला दिया है। उसके लिए मैं सुप्रीम का आभार व्यक्त करता हूं और देशवासियों को बधाई देता हूं।

आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा की सुप्रीम कोर्ट में न्याय की जीत हुई है और बीजेपी के वोटों की चोरी रंगे हाथों पकड़ी गई है। इसके साथ "इंडिया" गठबंधन की भी जीत की शुरूआत हुई है।



हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के पूर्व अध्यक्ष सुभाष बराला को राज्यसभा सदस्य के निर्विरोध निर्वाचित होने पर चंडीगढ़ में रिटर्निंग अधिकारी डॉ. साकेत कुमार प्रमाण पत्र सौंपते हुए। साथ में हैं हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिज विज, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली और मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय।

# 'आवश्यक दवाओं की कोई कमी नहीं'

**प्रदान की**

**8 चिकित्सा आधारभूत ढांचा सुदृढ़ करने के साथ साथ आवश्यक दवाएं भी प्रदान की जाती हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए चिकित्सा आधारभूत ढांचा सुदृढ़ करने के साथ साथ आवश्यक दवाएं भी प्रदान की जाती हैं। राज्य में आवश्यक दवाओं की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में हरियाणा मेडिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएमएससीएल) के वेयरहाउस में 413 दवा घटक उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जिले में भी लगभग 500 दवा घटक उपलब्ध हैं। चालू वित्तीय वर्ष में आवश्यक दवाओं की केंद्रीकृत खरीद के लिए राज्य बजट के तहत एचएमएससीएल को लगभग 37 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। एचएमएससीएल के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में दवाओं की खरीद प्रणाली को मजबूत करने हेतु एचएमएससीएल स्थापित की हुई है, जिसके माध्यम से पूरे हरियाणा में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आवश्यक दवाओं की निर्बाध और परेशानी मुक्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों के उचित भंडारण और वितरण के लिए राज्य में 7 वेयरहाउस स्थापित किए गए है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रभावी निगरानी के लिए, ऑनलाइन ड्रग इन्वेंटरी एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट सिस्टम (ओडीआईएमएस) प्रणाली लागू की गई है।

इतना ही नहीं, केंद्रीय वेयरहाउस में दवाओं की अनुपलब्धता की स्थिति में मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना (एमएमआईवाई) के तहत 35 करोड़ रुपए तथा राज्य बजट के तहत 17.86 करोड़ रुपये सभी सिविल सर्जनों को स्थानीय स्तर पर दवाओं की खरीद हेतु आवंटित किए गए हैं।

# किसान आंदोलन में शंभू बॉर्डर पर तैनात पुलिसकर्मी का हुआ निधन

**कर्मठ**

**8 ड्यूटी के दौरान हुई तबीयत खराब, अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने किया मृत घोषित**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**किसान** आंदोलन में शंभू बॉर्डर पर तैनात एक और पुलिसकर्मी ईएसआई कौशल कुमार का आज निधन हो गया। ड्यूटी के दौरान आज अचानक कौशल कुमार की तबीयत खराब हुई जिसके बाद उन्हें तुरंत अंबाला के सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने उनकी मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की कामना की। रिपोर्ट के अनुसार, ईएसआई कौशल कुमार की ड्यूटी किसान आंदोलन के दौरान घग्गर नदी के पास पुल के नीचे लगाई गई थी। वे 56 वर्ष के थे। वे जिला यमुनानगर में गांव कांजीवास के रहने वाले थे और थाना छप्पर में ईएसआई के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु के समाचार से हरियाणा पुलिस और उनके परिजनों में शोक का माहौल है। श्री कौशल कुमार सदैव अपनी ड्यूटी को पूरी गंभीरता व समर्पण भाव के साथ करते थे। वे अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत थे। अपनी सर्विस के दौरान उन्होंने कई सराहनीय व उदाहरणात्मक कार्य किए। उनका अचानक दुनिया छोड़कर जाना हरियाणा पुलिस के लिए अपूरणीय क्षति है जो हमारे सुरक्षाकर्मियों द्वारा दिए गए बलिदानों की याद दिलाता है। गौरतलब है कि 16 फरवरी को शंभू बॉर्डर पर तैनात जीआरपी के सब-इंस्पेक्टर हीरालाल की भी अचानक तबीयत खराब होने से मृत्यु हो गई थी। किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस के यह दूसरे पुलिसकर्मी है जिनकी शंभू बॉर्डर पर ड्यूटी के दौरान मृत्यु हुई है।

# खेल और खेती में नए आयाम स्थापित कर रहा है हरियाणाः नायब

## सांसद खेल प्रतियोगिता में विजेता टीम को ट्रैक्टर ईनाम देंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, कैथल में 23 को सेमीफाइनल और 24 फरवरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

खेल और खेती में हरियाणा नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। मनोहर सरकार की नीतियों से जहां खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी मैडल लाकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, वहीं किसान अपनी मेहनत के दम पर देश और प्रदेश को विकास की राह पर तेजी से बढ़ा रहे हैं। हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नशा की प्रवृति से दूर करने के लिए खेलों इंडिया के माध्यम से युवाओं को प्लेटफार्म दिया। इसी के तहत कुरूक्षेत्र लोकसभा में सांसद खेल प्रतियोगिता शुरू की गई जिसका सेमीफाइनल मैच 23 फरवरी को और फाइनल



मैच 24 फरवरी को कैथल पुलिस लाइन में होगा। नायब सैनी ने कहा कि 23 फरवरी को हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब स्पर्धा का शुभारंभ करेंगे तथा 24 फरवरी को प्रथम और द्वितीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल इंडो फार्म 55 हार्स पॉवर और 40 हॉर्स पॉवर का ट्रैक्टर ईनाम में देंगे। श्री सैनी ने कहा कि खेलों की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कैथल जिला कोर कमेटी की बैठक हुई जिसमें तैयारियों की समीक्षा की गई तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के निमित्त संगनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई।

प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार की नीति युवाओं को आगे बढ़ाने की है। प्रधानमंत्री मोदी ने खेलों इंडिया के माध्यम से युवाओं को मंच प्रदान किया जिससे हमारे युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मैडल ला रहे हैं। सांसद खेल प्रतियोगिता के बारे में बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि ये खेल स्पर्धा 12 फरवरी से जारी है और इनमें ब्लॉक स्तर से युवाओं ने भाग लिया है।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच रही है कि युवाओं को खेलों के माध्यम से ऐसा मंच दिया जाए जिससे हमारे युवा स्वस्थ और मजबूत बनें और नशा की प्रवृति से दूर रहे। उन्होंने कहा कि नशा से युवाओं का शरीर और स्वास्थ्य दोनों खराब होते हैं साथ ही परिवार को भी बड़ी दिक्कतें झेलनी पड़ती है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा सिस्टम बनाया है जिससे पहली बार 2014 के बाद देश के अंदर बड़ी संख्या में मेडल आ रहे हैं। हरियाणा के अंदर मनोहर सरकार खिलाड़ियों को काफी सुविधाएं दे रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मैडल लाने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए मनोहर सरकार 6 करोड़, 4 करोड़ और 2 करोड़ रुपये का इनाम दे रही है।

# 'शिक्षा के क्षेत्र में विश्व स्तर पर पहचान बना रहा है इग्नू'

## शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 37वें दीक्षांत समारोह का आयोजन इग्नू के मुख्यालय एवं 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर एक साथ किया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**इग्नू क्षेत्रीय** केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्मपाल ने बताया की आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 37वें दीक्षांत समारोह का आयोजन इग्नू के मुख्यालय एवं 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर एक साथ किया गया। इग्नू के 37वें दीक्षांत समारोह में मुख्यालय नई दिल्ली पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्यातिथि रहे। इग्नू के 37वें दीक्षांत समारोह में कुल तीन लाख आठ हजार पांच सो चौरासी विद्यार्थियों को डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। डॉ.धर्म पाल ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत लगभग 20000 प्रतिभागि उपाधि (डिग्री/ सर्टिफिकेट) लेने के लिए पात्र थे जिनमे से 250 विद्यार्थियों को डिग्री देने के लिए बुलाया गया।



इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल पर आयोजित समारोह में डॉ मनोहर लाल छाबड़ा, निदेशक, गन्ना प्रजनन संस्थान, करनाल ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना द्वारा की गयी। इसके बाद विशिष्ट अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। डा अमित कुमार जैन ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और विशिष्ट अतिथि डॉ एमएल छाबड़ा की शैक्षणिक उपलब्धियों के बारे में अवगत करवाया।

क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा धर्म पाल ने क्षेत्रीय केंद्र करनाल की प्रगति रिपोर्ट प्रसूत करते हुआ बताया की पिछले 10 वर्षों में इग्नू ने देश में उच्च शिक्षा की वृद्धि एवं लोकतंत्रीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके परिणामस्वरूप इग्नू एनईपी-2020 द्वारा परिकल्पित सकल नामांकन दर की वृद्धि में अपना निरंतर योगदान दे रहा है। इग्नू देश के सभी तबकों तक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए समता, पहुँच और गुणवत्ता पर जोर देने के साथ साथ एक लचीली और कम लागत वाली शिक्षार्थी केंद्रित रणनीति का अनुसरण करता है। इग्नू विश्व भर में बसे अपने विविध किस्म के शिक्षार्थियों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, जेल कैदियों, सेक्स वर्कर, अग्निवीर, सैन्य सेवाओं के जवान और अधिकारी सहित, समाज के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों, युवाओं, महिलाओं, कृषकों आदि की स्थान, अध्ययन की रफ्तार और समय सम्बंधित विविध आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इन सभी को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल उच्च शिक्षा में समानता, समावेशिता, गुणवत्ता, पहुँच और सामर्थ्य के अपने मिशन को पूरा करने के लिए पिछले 32 वर्षों से कड़ी मेहनत कर रहा है इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, पलवल, अम्बाला और पंचकूला को छोडकर हरियाणा के 16 जिलों में अपने 31 अध्ययन केन्द्रो के माध्यम से प्रदेश के कोने कोने तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। इन प्रयासों के उत्साहवर्धक परिणाम भी प्राप्त हो रहे है। विद्यार्थियों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि एक अच्छा संकेत है और दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में इग्नू की सकारात्मक भूमिका का परिचायक भी है।

उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है की 8597 विद्यार्थियों से शुरूआत करते हुए वर्तमान में क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत लगभग 80000 से ज्यादा विद्यार्थी सफलतापूर्वक उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

# विधायक सुभाष सुधा को लोकसभा का नियुक्त किया संयोजक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

थानेसर के विधायक सुभाष सुधा को कुरुक्षेत्र लोकसभा के लिए संयोजक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से विधायक सुभाष सुधा का कद बड़ा है। इस नियुक्ति से कार्यकताओं में खुशी की लहर है। विधायक सुभाष सुधा ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के संयोजक की जो जिम्मेदारी सौंपी गई उसको पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ पूरा करेंगे।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। इस लोकसभा में सरकार की नीतियों को जन जन पहुंचाने का काम किया जाएगा। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी के साथ मिलकर आगामी चुनावों में भाजपा को भारी बहुमत के साथ जिताने का काम किया जाएगा। उनकी नियुक्ति पर जिला परिषद के उपाध्यक्ष डी पी चौधरी, सुरेश सैनी कुक्कु, सौरभ चौधरी, प्रदीप झांब, साहिल सुधा सहित भाजपा के अन्य नेताओं ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है।



# स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन 25 से

**समालखा (कुलदीप सिह) प्रोजेक्ट** अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन 25 फरवरी, रविवार को प्रातः8 बजे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में यमुना छठ घाट, आई. टी. ओ. से होने जा रहा है। संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि ह्यस्वच्छ जल, स्वच्छ मनह्ल के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की जायेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का आरम्भ वर्ष 2023 में किया था। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच ह्यजागरूकता अभियानह्ल के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं, झरनों इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया गया और उन स्थलों की सफाई भी की गई।




पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये गये इस परियोजना की समाज के हर वर्ग द्वारा प्रशंसा एवं सराहना की गई और यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा। दिल्ली में इस अभियान को आओ सवारें, यमुना किनारे के नारे द्वारा विस्तृत किया जा रहा है।

# दो दिवसीय बसन्त महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सांस्कृतिक समिति के अंतर्गत दो दिवसीय बसन्त महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संजू अबरोल ने कि वही मुख्य अतिथि के रूप में करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया शामिल हुए। प्रिंसिपल मैडम ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही रेडक्रास क्लब व रेडरीबन क्लब के अंतर्गत लगभग 300 विद्यार्थियों को सिविल अस्पताल पानीपत के सहयोग से एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई और एच.आई.वी पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। सांसद संजय भाटिया ने ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार की हर घर नैनो हर्बल मुहीम का श्री गणेश किया। संजय भाटिया ने कहा कि हमारे ऋषि महात्मा प्राचीन काल से ही औषधीय पौधों का प्रयोग करते थे तो वे पूर्णतया स्वस्थ रहते थे लेकिन हम सभी विदेशी एलोपैथी की तरफ बढ़ते जा रहे हैं हमे ज्यादा से ज्यादा प्राचीन भारतीय परम्परा हर्बल पौधों व जड़ीबूटियों को अपना चाहिए। सांसद भाटिया ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षण के साथ साथ खेलो, संस्कृति गतिविधियों, संगीत व अन्य में भाग लो और हरियाणा के साथ भारत माता का नाम रोशन करो। सांसद ने कहा की प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहीम शानदार हर घर हर्बल की आज समाज मे बहुत ज्यादा जरूरत है। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इस साल इको क्लब के अंतर्गत 100 घरों में ननों - हर्बल गार्डन स्थापित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत छः प्रकार की तुलसी सहित 11 से 21 जीवन उपयोगी पौधे भेंट दिए जाएंगे।सांसद को घर में पहला नैनो-हर्बल के रूप में रामा-शामा, कपूर, केदार, बद्री, स्टीविया तुलसी, अश्वगंधा, इलायची, इंसुलिन, कड़ीपत्ता,पुदीना आदि पौधे भेंट स्वरूप दिए गए।इस दौरान प्रोफेसर दलजीत सिंह, प्रोफेसर सरोज चौहान, प्रोफेसर नरेश ढांडा, प्रोफेसर सुनील दत्त, प्रोफेसर शशिकांता, प्रोफेसर बृजेश बराड़, प्रोफेसर दलबीर देसवाल, प्रोफेसर सुधीर पुजारा, प्रोफेसर पूजा, प्रोफेसर सविता नैन, प्रोफेसर स्नेहलता,प्रोफेसर शिवम सहित महाविद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।



**आह्वान**

8 प्रिंसिपल संजू अबरोल ने कि वही मुख्य अतिथि के रूप में करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया शामिल हुए

# पूनम देवी गोल्ड मेडल से सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक)**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के फामेर्सी संस्थान की मई 2018 बैच के मास्टर ऑफ फामेर्सी की छात्रा पूनम देवी को कक्षा में मेरिट एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने पर डीन लाइफ साइंस एवं संस्थान के निदेशक प्रो. जितेन्द्र शर्मा द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रो. जितेन्द्र शर्मा ने छात्रा पूनम देवी के आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि कोरोना काल की वजह से छात्रा गोल्ड मेडल नहीं ले पाई थी।



## न्यूज फ्लैश

### एल्जी ने डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉजी एस.पी.ए., इटली के साथ बहु-वर्षीय टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग करार का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** दुनिया के दिग्गज एयर कंप्रेसर निमार्ताओं में से एक, एल्जी इक्विपमेंट्स (बी एस ई.: 522074 एन एस ई: एल्जी इक्विपमेंट्स) ने आज डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉजी एस.पी.ए. इटली के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस करार के तहत एल्जी इक्विपमेंट्स भारत में डी.वी.पी. के वैक्यूम प्रोडक्ट्स का उत्पादन, असेंबल, परीक्षण और बिक्री करेगी। इस समझौते के साथ एल्जी वैक्यूम उत्पादों को शामिल करने के लिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी। इस करार के चलते वैक्यूम पंपों की निमार्ता कंपनी डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉजी एस.पी.ए. को तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए भारत में एल्जी की मजबूत उत्पाद क्षमता और व्यापक बिक्री और सेवा नेटवर्क का फायदा मिलेगा। ग्लोबल वैक्यूम पंप बाजार में पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़त देखने को मिली है। 2024 में इसका बाजार 6-7 अरब अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है। एल्जी इक्विपमेंट्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जयराम वरदराज ने कहा, ह्लवैक्यूम का कारोबार कम्प्रेस्ड एयर के कारोबार के काफी करीब है। इसकी लाभप्रदता भी एयर कम्प्रेसर कारोबार जैसी ही है। यह करार हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करने, हाई ग्रोथ वाले बाजारों में हमारी पहुंच बढ़ाने और उपयोगी तकनीकी, मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग तालमेल का लाभ उठाने के लिए एक रणनीतिक कदम है। हम पहले भारत में कारोबार बढ़ाएंगे और फिर वैश्विक स्तर पर विस्तार करेंगे। हमें डी.वी.पी. के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉजी एक परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी है, जो 1973 से वैक्यूम व्यवसाय में है। डी.वी.पी. की टीम हमारे मूल्यों को साझा करती है और उनके उत्पाद बेहतर प्रदर्शन और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध हैं।

### भारत लोक शिक्षा परिषद ने किया एकल वार्षिक अमृत महोत्सव का आयोजन

**नई दिल्ली:** भारत लोक शिक्षा परिषद की ओर से देश की राजधानी दिल्ली में कनॉट प्लेस स्थित होटल ली मेरिडियन में एकल वार्षिक अमृत महोत्सव- 2024 का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था को डोनेशन देने वाले प्रमुख लोगों को सम्मानित किया गया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। बता दें कि एकल अभियान के जरिए देश में लाखों बच्चों को एजुकेशन प्रोवाइड करवाई जा रही है। शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और कौशल प्रशिक्षण तक फैला काम ग्रामीण भारत में रहने वाले लोगों को अपनी मदद करने के लिए रिसोर्सेज और टूल्स देकर सशक्त बनाता है। इस कार्यक्रम को लेकर ट्रस्टी एवं सीएसआर विभाग के चेयरमैन सुभाष सी अग्रवाल ने कहा कि विश्व का सर्वश्रेष्ठ सामाजिक शिक्षा संगठन एकल अभियान पंचमुखी शिक्षा (शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, जागरण एवं स्वावलंबन) के माध्यम से गावों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है। वर्तमान में बिना किसी सरकारी सहायता के लगभग एक लाख एकल विद्यालय सफलतापूर्वक संचालित किये जा रहे हैं, जिसके माध्यम से लगभग 28 लाख बच्चों को एजुकेशन हासिल हो रही है। कार्यक्रम को लेकर एकल-सीएसआर के वाइस चेयरमैन अभय चंडालिया ने कहा कि एकल राष्ट्र निर्माण के साथ सामाजिक परिवर्तन लाने में कार्यरत है। इसका उद्देश्य शिक्षित, स्वस्थ, स्वावलंबी, जागरूक, नशामुक्त, संगठित और सुरक्षित भारत का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि आज भारत को धर्मांतरण नक्सलवाद, माओवाद, आतंकवाद, गांवों से शहरों में पलायन, अशिक्षा, बीमारी, गरीबी आदि समस्याओं ने राष्ट्र को घेरा है, एकल एक प्रहरी के रूप में इन समस्याओं को दूर करने के लिए कार्यरत है। वहीं भारत लोक परिषद के राष्ट्रीय प्रधान अखिल गुप्ता और संयुक्त महामंत्री सुनील गुप्ता ने बताया कि एकल का उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा पहुंचने के लिए समाज के प्रतिष्ठित दानदाता बंधुओं को एकल से जोड़ना, एकल का प्रचार प्रसार करना और एकल विद्यालय के लिए धन इकट्ठा करना है।

### टॉलिन्स टायर्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी फाइल किया

**नोएडा।** देशव्यापी मौजूदगी के साथ टायर और ट्रेड्स उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक, केरल स्थित कंपनी टॉलिन्स टायर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 200 करोड़ तक का नया इश्यू और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 30 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। बिक्री के प्रस्ताव में प्रमोटर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कलामपराम्बिल वर्की टॉलिन द्वारा कुल मिलाकर 15 करोड़ तक के इक्विटी शेयर और सुश्री जेरिन टोलिन, प्रमोटर, गैर-कार्यकारी और गैर स्वतंत्र निदेशक द्वारा 15 करोड़ तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं।

# 28 फरवरी से 4 मार्च तक ब्लॉक स्तरीय सीएम कप प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि 28 फरवरी से ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर हरियाणा सीएम कप का आयोजन कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, फुटबॉल व बॉस्केटबॉल खेलों में करवाया जाएगा।

यह सीएम कप प्रतियोगिता 28 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक ब्लॉक स्तर व 5 मार्च को जिला स्तर तथा 7 मार्च से 9 मार्च तक राज्य स्तर पर जिला पंचकूला में करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि ब्लाक तथा जिला स्तर पर सीएम कप प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी की आयु 23 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। खिलाड़ी को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपना मूल आधार कार्ड तथा जन्म प्रमाण साथ लेकर आना होगा।

सीएम कप में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन हरियाणास्पोटर्स.जीओवी.इन/सीएम-ा-कप-2024 पर सकते है।




**प्रतियोगिता**

8 कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, फुटबॉल व बॉस्केटबॉल खेलों में करवाया जाएगा

## 24 से 26 तक महेंद्रगढ़ में आयोजित होगा पशु मेला व प्रदर्शनी

**पानीपतः** जिला खेल अधिकारी सतेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सी.एम. कप( मुख्यमंत्री कप) का 6 खेलों (कबड्ड्डी, वालीबाल, हैण्डबाल, खो-खो, फुटबाल तथा बास्केटबाल) का आयोजन करवाया जाएगा। जिसके तहत ब्लॉक स्तर का आयोजन 28 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक तथा जिला स्तर का आयोजन 7 मार्च से 9 मार्च 2024 तक किया जाएगा। इन खेलों में 23 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर के खेलों का आयोजन राजीव गांधी खेल परिसर, इसराना व राजीव गांधी खेल परिसर, बबैल में आयोजन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव 2023-24 का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव 2023-24 का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय वस्तु-थीम देश के परिवर्तन हेतु सशक्त एवं सक्रिय युवा आवाज में 3 विषय भविष्य को सशक्त बनाना, आत्मनिर्भर से विकसित भारत की ओर व भारत को वैश्विक लीडर बनाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर असन्ध से विधायक शमशेर गोगी ने ऑनलाइन जुडकर सभी युवा प्रतिभागियों को अपने आशीर्वचनों से अभिभूत किया। निर्णायक मंडली में डा.अनुराधा नागिया, प्रोफेसर डा. दीप्ति शर्मा प्रोफेसर, सुश्री योगिता शर्मा, उद्यमी, प्रदीप कुमार सामाजिक कार्यकर्ता और मेहर सिंह वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

कार्यक्रम में करनाल के अतिरिक्त पानीपत एवं कुरूक्षेत्र जिले के भी युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा संसद में जिला करनाल से सिमरन ने प्रथम तथा सौरव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला पानीपत से ऋतिक ने प्रथम तथा कनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा जिला कुरुक्षेत्र से हिमानी ने प्रथम तथा संध्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर मिला है। राज्य स्तर पर चयनित तीन युवाओं को संसद भवन, नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेताओ को क्रमशः दो लाख, डेढ़ लाख और एक लाख की राशि प्रदान की



**चर्चा5**

8 आत्मनिर्भर से विकसित भारत की ओर व भारत को वैश्विक लीडर बनाना था

# मन की बात कार्यक्रम का सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में होगा सीधा प्रसारण

**पानीपत कमाल हुसैन**

भारतीय जनता पार्टी के जीटी रोड कार्यालय में भाजपा के जिला पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया और हरियाणा प्रांत लघु उद्योग प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष आरडी कल्याण ने सभी का आभार व्यक्त कियो भाजपा कार्यालय सचिव एडवोकेट मालती अरोड़ा ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आगामी 25 फरवरी रविवार को प्रातः 10:30 बजे भाजपा कार्यालय (जीटी रोड) में हरियाणा भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करेंगे और 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकताओं के बीच बैठकर सुनेंगे इस कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व सामाजिक न्याय दिवस भी है हरियाणा सरकार ने अपने 9 साल के कार्यकाल में कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से प्रदेश में बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के सभी प्रयास किए हैं हरियाणा में सुशासन व पूरी पारदर्शिता के साथ सभी कल्याणकारी योजनाओं का संचालन ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से हो रहा है जिसका परिणाम यह हुआ कि वर्ष 2023 में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत जिला पानीपत में 12,103 व्यक्तियों की पेंशन घर बैठे ही बन गई ह। जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आमजन के दैनिक जीवन को सरल बनाने, आम आदमी को सरकार की सेवाओं तथा कार्यक्रमों का लाभ घर बैठे आसानी से समय पर मिल पाए, जनता को अपने हक के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, यही तो भाजपा की हरियाणा सरकार का सुशासन कहलाता है ।



**बैठक**

8 बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। दुष्यंत भट्ट ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया

# 'नशे के खिलाफ अभियान में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अति आवश्यक'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया कहा कि नशा जैसी समाजिक बुराई के खिलाफ जहां सामाजिक आंदोलन की जरुरत है वहीं समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी इस अभियान मे अति आवश्यक है। उन्होंने कहा लगभग प्रत्येक अपराधिक वारदात के साथ नशे का कंनेक्सन जुड़ा होता है, इसलिए नशा व अपराध मुक्त समाज के लिए इस बुराई का पूरी तरह नष्ट होना जरुरी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं जिसके तहत नशा तस्करों पर पूरी तरह शिंकजा कसा जा रहा है। नशे के खिलाफ लोगों को जागरुक करने के लिए सेमिनार व गोष्ठियां आयोजित कर इस बुराई के बारे में जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा देश की धरोहर है इसलिए वे नशे जैसी बुराई से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपने मां-बाप व देश-प्रदेश का नाम रोशन करें।



**अपील**

8 नशा जैसी समाजिक बुराई के खिलाफ जहां सामाजिक आंदोलन की जरुरत: पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया

# पीतमपुरा में श्याम जाजू ने किया नमो टॉय ट्रेन का शुभारंभ

## निगम पार्षद अमित नागपाल की अनोखी पहल, पहली बार हुआ नमो टॉय ट्रेन का उद्घाटन






**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पीतमपुरा स्थित एपी ब्लॉक मार्किट में वार्ड नम्बर-57 के निगम पार्षद डॉ.अमित नागपाल द्वारा नमो टॉय ट्रेन उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस नमो टॉय ट्रेन का शुभारंभ भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने किया।

**हर बार कुछ नया करने की सोचते है अमित नागपाल:** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने कहा कि भाजपा के निगम पार्षद बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है। अमित नागपाल की यह विशेषता है कि वह हर समय कुछ न कुछ नया करने की सोचते रहते है। आज उन्होंने जो अपने क्षेत्र में नमो टॉय ट्रेन का उद्घाटन करके बच्चों के लिए जो सुविधा दी है, उससे बच्चे तो खुश ही है। साथ ही उनके अभिभावको के चेहरे पर भी रौनक देखने को मिल रही है।




**शाम को चार बजे से रात आठ बजे तक निःशुल्क चलेगी नमो टॉय ट्रेन:** वार्ड नम्बर-57 के निगम पार्षद डॉ.अमित नागपाल ने कहा कि मैं कई बार मॉल के अन्दर जाता था तो देखता था कि कुछ बच्चे मॉल के अन्दर ऐसे झूलों पर नहीं झूल पाते थे, क्योंकि उनके अभिभावको की इन्कम इतनी नहीं थी कि वह उन्हें झूला झुला पाये, इसी को देखते हुए मेरे मन में विचार आया कि क्यों न मैं अपने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में बच्चों के लिए झूले लगाऊ जिस पर बच्चे झूल सके।
इसी को देखते हुए मैंने आज नमो टॉय ट्रेन का उद्घाटन करवाया है।
यहां पर कोई भी बच्चा आकर निःशुल्क झूल सकता है। यहां पर शाम को चार बजे से रात आठ बजे तक निःशुल्क नमो टॉय ट्रेन चलेगी।

**लोगों ने पार्षद डॉ. अमित नागपाल के कार्यों को सराहा:** इस अवसर पर मौजूद लोगों ने निगम पार्षद डॉ.अमित नागपाल के कार्यों को सराहा और कहा कि सभी को अपने-अपने क्षेत्र में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।

**बच्चों को दिये गये गिफ्ट:** कार्यक्रम में आये हुए बच्चों को गिफ्ट दिये गये। जिससे की उनके चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली और बाद में बच्चों ने निःशुल्क में नमो टॉय ट्रेन की यात्रा भी की।

**पार्षद ने कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का किया धन्यवाद:** वार्ड नम्बर-57 के निगम पार्षद डॉ.अमित नागपाल ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मैं इस प्रकार के नये-नये कार्यक्रमों के उद्घाटन अपने क्षेत्र में करता रहूंगा।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर भाजपा प्रभारी चांदनी चौक जिला श्याम शर्मा, अशोक गोयल देवराहा वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, निगम पार्षद योगेश वर्मा, निगम पार्षद किशन बेमाड, निगम पार्षद अजय रवि हंस, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, बलराम गुप्ता के अलावा सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# कमला नगर: योगाचार से बड़ा कोई उपचार नहीं: ऋषभ मिन्होत्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र स्थित कमला नगर में रहने वाले योगाचार्य ऋषभ मिन्होत्रा ने बताया कि योग एक प्राचीन प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जो व्यक्ति को अंधेरे से प्रकाश की ओर लेकर जाती है और व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकास करता है। वहीं मिन्होत्रा ने कहा कि हम सभी अनंत शक्ति के स्वामी है और इस शक्ति के रहस्य से परिचित कराने की कला योग विज्ञान में निहित है।
योग की मुख्य बात यह है कि यह मन और मस्तिष्क को स्थिर रखता है।

**मुफ्त में करते है इलाज:** योगाचार्य ऋषभ मिन्होत्रा ने बताया कि वह पिछले आठ साल से मेडिकल योगा, आर्युवेद ट्रीटमेंट, नेचुरोपैथी ट्रीटमेंट, एक्यूप्रेशन से लोगों का



इलाज कर रहे है और जो भी जरुरतमंद इंसान उनके पास इलाज के लिए आता है वह उसकी मुफ्त में मदद करते हैं और योग के जरिए इलाज से लोगों को राहत भी मिलती है।
वहीं योगाचार्य ऋषभ ने बताया कि कोरोनाकाल के दौरान लोग योग पर ज्यादा ध्यान देने लगे है। योग के

**योग की बातें**

8 योग की मुख्य बात यह है कि यह मन और मस्तिष्क को स्थिर रखता है। मुफ्त में करते है इलाज: मिन्होत्रा

जरिए लोग बीमारी पर काबू पा रहे हैं। जिनको कोई बीमारी नहीं है उनके लिए भी योग फायदेमंद है।

**प्रशिक्षित योगाचार्य से ले ट्रिटमेंट:** योगाचार्य ने बताया कि हमारे योगासन और आयुर्वेद आदमी की तासीर के हिसाब से एक प्रशिक्षित योगाचार्य से ट्रिटमेंट लेकर अपने जीवन को आसान तरीके से शान से जिया जा सकता हैं। उन्होनें यह भी कहा कि शहरी लोग योग पर विशेषतौर पर ध्यान दे रहे हैं।

# गरीबों व असहायों की मदद के लिए सभी आये आगे: सुनील यादव

**पौधारोपण**

8 पेड़-पौधे लगाना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है: सुनील यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा** गांव के समाजसेवी सुनील यादव ने कहा कि सभी को गरीब व असहायों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, जो व्यक्ति गरीबों व असहायों की मदद करता है, उसके जीवन में खुशियों का वास होता है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी गरीबों व असहायों की मदद करें।
उन्होंने आगे बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इनसें हमें कई प्रकार की औषाधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पेड़-पौधों की रक्षा करें। श्री यादव ने आगे बताया कि पेड़-पौधे लगाना केवल वन विभाग का कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए।

# मॉडल टाउन: कांग्रेस ही कर सकती है देश का विकास: मेहता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जैसा कि सभी को** मालूमात है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव नजदीक आ गए है और सभी राजनैतिक दल जोरों शोरों से चुनाव की तैयारियों मे जुट गए है और इस बीच सभी दलों के बीच रस्सा कसी भी चल रही है।
इसी कडी में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित पार्ट तीन में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय मेहता ने कहा कि देश में कांग्रेस ही एक ऐसी राजनैतिक पार्टी है जो देश में विकास कर सकती है।
वहीं उन्होनें आगे कहा कि दिल्ली में जो आज विकास देखा जा रहा है, यहां पर चाहे बात करें दिल्ली मेट्रो कि या फिर दिल्ली में चहुंओर फ्लाईओवर की, कच्ची कॉलोनियों को नियमित करने की या फिर अंधेरे घरों में चौबीस घंटे



बिजली देने की यह सब दिल्ली की तत्कालीन दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की ही देन है।
कांग्रेस के शासन काल में सुचारू रूप से वृद्वो, विकलांगो व विधवाओं को पेंशन बिना किसी परेशानियों के दी जाती रही थी,

**विकास की बात**

8 राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद से लोगों में जागरूकता आई है: विजय मेहता

लेकिन आज यह सभी लोग अपने हक से वंचित है व बाबूओं के दफ्तर की धुल फांकने को मजबूर है। मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित पार्ट तीन में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय मेहता ने आगे कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद से लोगों में जागरूकता आई है जिसके बाद से देश में माहौल बदल गया है और राहुल गांधी के नेतृत्व के प्रति समर्थन बढ़ रहा है।

# नरेला: 84 बीघा जमीन लैंडफिल साइट में हो रही तब्दील

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली के** नरेला में पाना पपोसिया स्थित रविदास नगर के पास 84 बीघा जमीन पर सालों पहले स्टेडियम बनाने की योजना बनाई गई थी। वह परवान न चढ़ सकी तो योजना में परिवर्तन कर पार्क, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने की योजना बनाई गई, लेकिन दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की लापरवाही की वजह से भूमि लैंड पर लैंडफिल साइट में तब्दील होती जा रही है। स्थानीय निवासी हेमंत ने बताया कि इतिहास में इस बात का उल्लेख है की जमीन पर चंद नाम के राजा ने तालाब का निर्माण कराया था। राज परिवार इस तालाब का इस्तेमाल जल क्रीड़ा के लिए करता था,11वीं शताब्दी में बने इस 7 मीटर गहरे तालाब में कभी सुरंग के जरिए पानी आता





था। राज परिवार इसी पानी से अपनी प्यास भी बुझाता था। इसके चारों ओर बने सुंदर घाट लोगों को आकर्षित कर लेते थे। प्राचीन तालाब की दीवारें सोने, चांदी के सिक्कों से जड़ी थी इन दीवारों से वर्ष 1996 तक मुगलकालीन सिक्के निकले हैं। सिक्के सुरक्षित रहें इसके लिए उन्हें पुरातत्व विभाग को सौपा जाता रहा, सिक्कों को तो पुरातत्व विभाग ने अपने पास रख लिया, लेकिन तालाब के संरक्षण की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। अब प्रशासन के लापरवाही से तालाब अपना वजूद खो चुका है। अब यह जमीन लैंडफिल साइट में तब्दील हो चुकी है। (डीडीए) कि इस भूमि के तीनों और स्कूल, तालाब, वृद्ध आश्रम है। तो एक और घनी आबादी क्षेत्र है। कूड़े के ढेर से आ रही दुर्गंध से यहां से गुजरने वाले स्कूली बच्चों, राहगीरों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि इस जमीन पर पार्क, स्पोर्ट्स कंपलेक्स आदि बनाया जाए ताकि लोगों को इस लैंडफिल साइड से राहत मिल सके। स्थानीय निवासी सुरेंद्र महरौलिया ने बताया कि कई बार सीएम ऑफिस की ओर से नगर निगम व (डीडीए) को भी लिखित में सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# शहर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समय पर पूरा कराना सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएस ढेसी

## सीएम के प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) की अध्यक्षता में हुई फरीदाबाद के विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**योजनाएं**

8 डीएस ढेसी ने कहा कि शहर में जितनी भी बड़ी विकास योजनाएं चल रही हैं वह महत्वपूर्ण हैं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) डीएस ढेसी ने कहा कि शहर में जितनी भी बड़ी विकास योजनाएं चल रही हैं वह महत्वपूर्ण हैं और आमजन से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में




सभी विभाग इनको समय पर पूरा करें और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य के लिए कोई कोताही न बरतें ताकि किसी भी कार्य को पूरा करने में कोई दिक्कत न आए। श्री डीएस ढेसी आज मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला फरीदाबाद की विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में एफएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, उपायुक्त विक्रम सिंह, एचएसवीपी की प्रशासक डा. गरिमा मित्तल, अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मीटिंग में डीएस ढेसी ने कहा कि फरीदाबाद शहर के विकास को गति देने के लिए कई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें वर्ष 2031 की जनसंख्या को देखते हुए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने जितनी भी योजनाओं को मंजूरी दी हैं और जो भी विकास योजनाएं चल रही हैं उन सभी को समय पर पूरा करें। उन्होंने क्रमशः एफएमडीए, नगर निगम, एचएसवीपी, स्मार्ट सिटी सहित सभी विभागों की योजनाओं की क्रमशः समीक्षा की। मीटिंग में सड़कों के निर्माण व मरम्मत, जल आपूर्ति योजना का विस्तार, मास्टर सीवरेज योजना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कर अपशिष्ट जल का उपचार, इंजीनियरिंग सहित कई विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मीटिंग में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे, जेवर एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# घर से लापता 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को पुलिस टीम ने किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

हरियाणा पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत डीआईजी कम डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर 8 प्रभारी की व पुलिस चौकी सेक्टर 3 की टीम ने घर से लापता 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को दिल्ली मुखर्जी नगर से तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया नाबालिक लड़की के संबंध में पुलिस चौकी सेक्टर 3 प्रभारी उप निरीक्षक को लापता होने की सूचना मिली जिस पर कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर 8 में मुकदमा दर्ज कर लड़की को तलाश किया जा रहा



था। पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर लड़की को ढूंढने की जिम्मेदारी सौंप गई। जो एक टीम में खुद पुलिस चौकी सेक्टर-3 प्रभारी, उप निरीक्षक सतबीर सिंह, मुख्य सिपाही राकेश कुमार और महिला सिपाही मंजू को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने सूत्रों के माध्यम से लड़की के दिल्ली के मुखर्जी नगर में होना पाया गया। दिल्ली से पुलिस टीम के द्वारा नाबालिक लड़की को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। नाबालिक लड़की के पुलिस टीम के द्वारा सीडब्ल्यूसी के बयान कराकर लड़की को सही सलामत उसके वारसानों के हवाले किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### 16 वर्षीय नाबालिग का कार में अपहरण, दुष्कर्म के बाद गांव के अड्डे पर छोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

गन्नौर थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता अपने गांव के बाड़े में गोबर डालने गई थी। इस दौरान एक कार सवार युवक ने उसका अपहरण किया और दुष्कर्म के बाद उसे गांव के अड्डे पर छोड़ कर चला गया। आरोप है कि युवक ने उन्हें जाति सूचक शब्द भी कहे और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपित युवक के खिलाफ पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में पीड़िता की मां ने बताया कि कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 17 फरवरी को गांव के बाड़े में गोबर डालने गई थी, लेकिन शाम तक वापिस नहीं लौटी। रात 10 बजे वह डरी सहमी हुई घर वापिस लौटी और पूछने पर भी किसी को कुछ नहीं बताया। 19 फरवरी को उसकी बेटी ने बताया कि जब वह बाड़े में गोबर डालने गई थी तो वहां चिटाणा गांव का सुमित कार लेकर आया और जबरदस्ती उसे कार में बैठा कर गांव डबरपुर की तरफ ले गया। आरोप है कि सुमित ने सड़क किनारे कार खड़ी कर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह उसे कार में उनके गांव के अड्डे पर छोड़ कर चला गया। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपित रोहित के खिलाफ पोक्सो, अपहरण, जान से मारने की धमकी व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### क्षेत्र में टूटी सड़कों से जल्द मिलेगी राहत, 15 सड़क के लिए 25 करोड़ 38 लाख हुए मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

लंबे समय से बदहाल स्थिती में पड़ी क्षेत्र की 15 सड़कों का निर्माण व मुरम्मत का कार्य जल्द शुरू होगा। सरकार ने सड़कों के निर्माण के लिए 25 करोड़ 38 लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत कर, निर्माण कार्य को मंजूरी दे दी है। इनमें जीटी रोड से रामनगर वाया सनपेड़ा सड़क मार्ग, रामनगर से घसौली सड़क मार्ग , रामनगर से धतूरी सड़क मार्ग, लड़सौली से धतूरी सड़क मार्ग, गन्नौर-शाहपुर रोड से पुरखास वाया शेखपुरा सड़क मार्ग, पुरखास से सैंयाखेड़ा सड़क मार्ग, सोनीपत से चटिया औलिया सड़क मार्ग, समसपुर गामड़ा से नयाबांस सड़क मार्ग, अटायल से भौरा रसूलपुर सड़क मार्ग, भुर्री अपरोच सड़क मार्ग, राजलूगढ़ी से भोगीपुर सड़क मार्ग, जीटी रोड से बांय सड़क मार्ग, जीटी रोड से भाखरपुर सड़क मार्ग, एमपी माजरा से खुबडू सड़क मार्ग व खेड़ी गुज्जर से भौरा रसूलपुर सड़क मार्ग शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी इन सड़कों के निर्माण के लिए अब टेंडर प्रक्रिया में जुट गया है।

**-लंबे समय से खराब थी सड़कें**

क्षेत्र में गांवो के संपर्क मार्गों की हालत लंबे समय से खराब थी। महत्वपूर्ण सड़कें होने के बावजूद बजट के अभाव में उन पर कार्य नहीं हो पा रहा था। अब बजट मिलने के साथ निर्माण की बाधा दूर हो गई है। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रवीन दत्ता ने बताया कि विभाग टेंडर से संबंधित औपचारिकताएं पूरी करने जुट गया है। टेंडर अलाट होने के तुरंत बाद ही सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

### बिजली निगम के जनता दरबार में उद्योगपतियों की समस्याओं का हुआ समाधान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित दमकल विभाग कार्यालय में मंगलवार को कंज्यूमर ग्रेवेंसिज रेडरेसल फोरम (सीजीआरएफ) का खुला दरबार लगाया गया। खुला दरबार में सीजीआरएफ चेयरमैन केके खन्ना, नरेंद्र सिंह, निगम के अधीक्षक अभियंता गीतू राम, अधिशाषी अभियंता अश्वीन कौशिक, शहरी एसडीओ सचिन दहिया, मुरथल एसडीओ अश्वनी धनखड़ उपस्थित हुए। एमएसएमई इंडस्ट्रीज एसोसिएसशन के अधिकारियों का औद्योगिक क्षेत्र में पहुंचने पर स्वागत किया। दरबार में उद्योगपतियों की समस्याओं का सामधान किया। दरबार में 8 उद्योगपतियों ने निगम के अधिकारियों के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखी। अधिकारियों ने मौके पर ही 6 समस्याओं का समाधान कर दिया। जबकि 2 समस्याओं पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं के बिजली बिल ठीक भी किए गए। इस मौके पर जेई रविंद्र पंवार के अलावा लिपिक स्टाफ भी मौजूद रहा।

# बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली निगम का जनता दरबार आज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित दमकल विभाग कार्यालय में मंगलवार को कंज्यूमर ग्रेवेंसिज रेडरेसल फोरम (सीजीआरएफ) का खुला दरबार लगेगा।

खुला दरबार में निगम के अधीक्षक अभियंता गीतू राम, अधिशाषी अभियंता अश्वीन कौशिक, शहरी एसडीओ सचिन दहिया उपस्थित रहेंगे। एसडीओ सचिन दहिया ने बताया कि दरबार में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल से संबंधित समस्याएं सुनी जाएंगी

# दिग्विजय चौटाला के जन्मदिन पर जेजेपी जिला कार्यालय पर कराया हवन यज्ञ

**जन्मदिन**

8 दिग्विजय चौटाला , सदैव युवा व छात्र वर्ग की लड़ाई लड़ी :- कृष्ण सरोहा

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपतः-** 20-02-2024

जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला जी के जन्मदिन पर छात्र इकाई इनसो ने जेजेपी जिला कार्यालय पर हवन यज्ञ कराया व दिग्विजय चौटाला की लंबी उम्र व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। हवन यज्ञ का आयोजन इनसो सोनीपत के जिला प्रधान



कृष्ण सरोहा राठधाना ने करवाया व कहा कि हवन यज्ञ कराने से वातावरण की हवा शुद्ध होती है व सकारात्मक ऊर्जा पैदा होती है। इसके बाद कृष्ण सरोहा ने राठधाना गांव स्थित गौशाला में गौ सेवा की , फिर राठधाना गांव की कबड्डी अकैडमी में फल वितरित किए उसके उपरांत रेलवे स्टेशन पर जाकर फल वितरित किए व वृद्धाश्रम में जाकर केक काटा व पौधारोपण कर दिग्विजय सिंह चौटाला का जन्मदिन मनाया। कृष्ण सरोहा ने कहा कि इनसो सदैव से सामाजिक कार्यों में तत्पर रही है आज भी हमने सामाजिक कार्यों द्वारा अजीज नेता दिग्विजय सिंह चौटाला जी का जन्मदिन मनाया है। कृष्ण सरोहा ने कहा कि दिग्विजय चौटाला ही प्रदेश के इकलौते नेता हैं जो जमीनी स्तर पर मेहनत करते हैं व कार्यकताओं को परिवार की तरह मानते हैं। इनसो के माध्यम से न जाने कितने युवाओं को मुख्यधारा की राजनीति में लेकर आये , विधानसभा से लेकर लोकसभा तक के चुनाव लडाये सरकार बनने पर चेयरमैन जैसे बड़े पदों पर इनसो के कार्यकताओं को बैठाया। कृष्ण सरोहा ने कहा कि दिग्विजय चौटाला सदैव युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास को लेकर तत्पर रहते हैं व कार्यकताओं को परिवार जैसा मान सम्मान देते हैं। इस मौके पर हरियाणा सरकार चेयरमैन पवन खरखोदा,जिला प्रेस प्रवक्ता जोनी लठवाल,अमित चोपडा जोगी, सागर दहिया, पवन सेरा,रवीश खोकर, नितिन कालूपुर, विकास त्यागी, गौरव त्यागी,नवीन, अंकित, सुनील, साहिल, सागर, मोहित आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# शादी दो परिवारों को जोडने का काम करती है- कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

वरिष्ठ भाजपा नेता नेत्रपाल चन्दीला,भतौला के भतीजे साहिल चन्दीला की वैवाहिक रिसेप्शन में केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ.कृष्णपाल गुर्जर सूरजकुण्ड रोड़ स्थित डिलाईट फोरएवर गार्डन में आशीर्वाद देने पहुचें। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने साहिल के पिता वेदपाल चन्दीला और चाचा नेत्रपाल चन्दीला को ढेर सारी शुभकामनाएं दी तथा वर साहिल चन्दीला और वधु कोमल दोनों के सिर पर हाथ रखकर उनके सुखी दापत्य जीवन का आशीर्वाद देते



हुए कहा कि शादी एक अटूट बंधन है। उन्होनें कहा कि शादी दो परिवारों को जोड? का काम करती है।

सात फेरों पर जीवन में एक दूसरे के साथ प्यार से जीवन व्यतीत करने के कसमे वायदे किए जाते है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने नवदंपति को भगवान से जीवन में खशियां मिलने की कामना की।

# श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

श्री चुंकट ऋषि समिति मंदिर द्वारा मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत पवन शास्त्री की देखरेख में हुई। कथा से पहले गांव में 221 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के मंदिर से शुरू हुई गांव में विभिन्न मार्गों से होते हुए सतकुंभा स्थित चुंकट मंदिर में समाप्त हुई।

यात्रा के आगे बैंड बाजे और रथ व बग्गी चल रही थी। गांव के सरपंच जगबीर ने बताया कि कथा का समापन 28 फरवरी को होगा। हरिद्वार के कथा वाचक राजेंद्र प्रसाद द्वारा भागवत कथा की अमृतवर्षा की जाएगी। 29 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# देशी कट्टे व जिंदा रोंद सहित 2 आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर 30 टीम ने किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर 30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित 2 आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रोहित उर्फ ब्रावो और आकाश उर्फ चूसा का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद की भूड कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले हैं।

क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से अलग-अलग स्थान से काबू किया है। आरोपी रोहित को एत्मादपुर पुल से तथा आरोपी आकाश को ओल्ड बाईपास से काबू किया है। दोनों आरोपियों की तलाशी लेने पर देशी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद किया गया है। आरोपी रोहित के खिलाफ थाना सेक्टर 31 में तथा आरोपी आकाश के खिलाफ थाना ओल्ड फरीदाबाद में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रोहित से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी उत्तर प्रदेश बलिया रेलवे स्टेशन किसी अनजान व्यक्ति से वारदात को अंजाम देते समय लोगों में भय बनाने के लिए ?8000 में किसी अनजान व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी आकाश किसी अनजान व्यक्ति से अलीगढ़ से 4 अवैध हथियार ?10000 में खरीद कर लाया था जिसमें से तीन अवैध हथियार 2500,3500 और ?4000 में बेचना बताया है। जिसमें तीनों आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी आकाश पर पूर्व में 5 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें चोरी स्नैचिंग और अवैध हथियार के मुकदमे शामिल हैं जिन में आरोपी माननीय अदालत से जमानत पर चल रहा है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# लोकसभा चुनावों में बजेगा जेजेपी का डंकाः धर्मपाल यादव

**नियुक्त**

8 धर्मपाल यादव को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल करते हुए सदस्य नियुक्त किया है।

**बल्लभगढ़ /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

20 फरवरी जननायक जनता पार्टी ने राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर अपने संगठन में विस्तार करते हुए फरीदाबाद निवासी एवं पार्टी के प्रति समर्पित भाव रखने वाले विद्यासागर शिक्षण संस्था के चेयरमैन धर्मपाल यादव को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर शहर और गांव के कार्यकत्ताओं में जोश है। विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने अपनी इस नियुक्ति के लिए जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजयसिंह चौटाला,डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह का आभार व्यक्त किया है।

\इस अवसर पर धर्मपाल यादव ने कहा कि जेजेपी हरियाणा प्रदेश की ही नहीं अपितु देश की उभरती हुई पार्टी है। आज प्रदेश में ही नहीं अपितु राजस्थान,और उत्तरप्रदेश के साथ-साथ दिल्ली में भी जेजेपी का गिराफ दिन-



प्रतिदिन बढ़ रहा है। वहीं चेयरमैन धर्मपाल यादव ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनावों में जेजेपी पार्टी अपना वर्चस्व दिखाने में पीछे नहीं रहेगी, पार्टी प्रदेश में बेहतर मतों से जीतेगी। जिसके डंके की आवाज सबको सुनाई देगी।

चेयरमैन धर्मपाल यादव ने यह भी कहा कि पार्टी के बढ़ते गिराफ से विपक्षी बौखलाएं हुए है। जिसके चलते अब वे जेजेपी के मुकाबले में काफी पीछे छूट गए है। वहीं कांग्रेस को लेकर धर्मपाल यादव ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में बगैर संगठन के लोकसभा चुनाव में आ रही है, जिसके परिणाम जनता के समक्ष शीशे की तरह साफ है। जहां कांग्रेस में दिग्गज चुनाव से भाग रहे है,जिसके चलते प्रदेश में लोकसभा चुनावों के लिए केवल डमी उम्मीदवार शोर मचा रहे हैं।

# लोधी राजपूत जन कल्या[illegible]समिति ने बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

लोधी राजपूत जन कल्याण समिति द्वारा जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद के अंतर्गत बाल भवन में चलाए जा रहे डे केयर सेन्टर के 25 बच्चों को स्टेशनरी सामग्री की किट वितरित की गई। इसके लिए जिला बाल कल्याण अधिकारी फरीदाबाद डॉक्टर सतीश कुमार ने समिति का आभार व्यक्त किया। इस केन्द्र में बाल श्रम वाले बच्चे व कूड़ा बीनने वाले बच्चे और जो बच्चे किसी कारणवश अपनी पढ़ाई छोड़ चुके हैं उन बच्चों को लाभ दिया जा रहा है। उद्देश्य यह है कि भटके हुए बच्चों को सही दिशा में लाया जा सके। इस अवसर पर लोधी राजपूत जन कल्याण समिति



फरीदाबाद द्वारा बाल भवन के बच्चों के स्वास्थ्य को मद्देनजर रखते हुए उनको अच्छा वातावरण प्रदान करने के लिए यहां बाल भवन में खाली पड़े लॉन में एक हरा भरा पार्क बनाने के लिए जिला उपायुक्त से मुलाकात करेगें तथा पार्क को गोद लेकर उसे विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएगें। इसके लिए जिला बाल कल्याण अधिकारी डॉक्टर सतीश कुमार ने समिति को एक अनुरोध पत्र भी सौंपा। लोधी राजपूत जन कल्याण समिति फरीदाबाद के सभी सदस्यों ने आश्वासन दिया कि हम जल्दी ही बाल भवन के बच्चों के लिए यहां हरा भरा पार्क बनाएंगे जिससे उनको अच्छा वातावरण मिल सके और बच्चे स्वस्थ रह सकें। समिति की इस सोच व सहयोग के लिए जिला बाल कल्याण परिषद के लेखाकर उदय चन्द ने उनके इस सामाजिक कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की व समिति के इस सहयोग के लिए जिला बाल कल्याण अधिकारी द्वारा समिति के लाखन सिंह लोधी को स्मृति चिन्ह दिलवाकर उनका आभार व्यक्त किया। सभी ने लोधी राजपूत जन कल्याण समिति की हरा भरा पार्क बनाने की इस घोषणा की तारीफ की व परिषद द्वारा समिति का धन्यवाद भी किया गया। इस अवसर पर लोधी राजपूत जन कल्याण समिति फरीदाबाद से लाखन सिंह लोधी, संस्थापक/महासचिव, रूपसिंह लोधी अध्यक्ष, धर्मपाल सिंह लोधी कोषाध्यक्ष, जागेश्वर राजपूत सदस्य, जिला बाल बाल कल्याण परिषद से मांगे राम, सुमित शर्मा, श्रीमति सुमन टीचर, श्रीमति बबीता, श्रीमति पार्वती इत्यादि स्टाफ उपस्थित रहा। विशेष रूप मे परिषद के सोशल वर्कर अर्जुन गौड़ भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# इनसो व जेजेपी ने गऊ माता को गुड़ व चारा खिलाकर मनाया दिगविजय सिंह का जन्मदिवस

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

सूरजकुण्ड रोड़ स्थित श्री गोपाल गऊशाला में आज हरियाणा हैडबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जेजेपी के प्रधान महासचिव व इनसो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिगविजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस पर इनसो व जेजेपी पदाधिकारियों जिसमें मुख्य रूप से इनसो जिलाध्यक्ष रवि शर्मा,बडखल हल्काध्यक्ष अजय भड़ाना,सुदेश ग्रोवर,जितेन्द्र सिंह,नीरज,विक्की चेतन व अजीत ने मिलकर गऊ माता को गुड़ व हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर अजय भड़ाना और रवि शर्मा ने कहा कि दिगविजय सिंह चौटाला के



उचित मागदर्शन और सही दिशा निर्दश से पार्टी नई ऊचाईयों को छू रही है। उन्होनें कहा कि आज दूसरी पार्टियां छोडकर युवा इनसो के साथ जुडकर जेजेपी को मजबूत कर रहे है क्योकि जेजेपी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें युवाओं को पूरा मान सम्मान मिलता है।

उन्होनें कहा कि आज के दिन वे भगवान से प्रार्थना करते है कि दिगविजय सिंह चौटाला को लम्बी आयु दे ताकि वो भी अपने परिवार के पदचिन्ह्नों पर चलते हुए हरियाणा के लोगों की सेवा करे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 21 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

आदर्श रसोई सप्ताह 46वां

## धूमधाम से मनाया गया आदर्श रसोई के संस्थापक सुरेंद्र चोपड़ा का जन्मदिन

### रिबन काटकर सुरेंद्र चोपड़ा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, आदर्श रसोई है मेरा परिवार: सुरेंद्र चोपड़ा










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई के संस्थापक सुरेंद्र चोपड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

**रिबन काटकर सुरेंद्र चोपड़ा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ**

इस बार आदर्श रसोई की नींव रखने वाले सुरेंद्र चोपड़ा का जन्मदिन पूरी रसोई की टीम ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से सुरेंद्र चोपड़ा ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

**सुरेंद्र चोपड़ा का हुआ भव्य स्वागत**

मृदभाषी, मिलनसार और सबके चहेते सुरेंद्र चोपड़ा का आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाओं और पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। सुरेंद्र चोपड़ा जी के व्यक्तित्व के सभी कायल हैं।

**मेरा परिवार है आदर्श रसोई : सुरेंद्र चोपड़ा**

इस विशेष मौके पर सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी और मैंने आदर्श रसोई की नींव रखीं थी। आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं। आज आदर्श रसोई के पदाधिकारियों और सभी सम्मानीय सदस्यों के अतुल्यनीय योगदान के कारण ही आदर्श रसोई वटवृक्ष का रूप ले चुकी है।

**श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाए हुए पदचिन्हों पर चल रही आदर्श रसोई : सुरेंद्र चोपड़ा**

आदर्श रसोई के संस्थापक और प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि एक सोच ही है जो परिवर्तन लाती है। आदर्श रसोई की शुरूआत के समय किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि हमारा सफर ऐसा और इतना अच्छा चलेगा। देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमे भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

**आदर्श रसोई के अन्य सदस्यों ने भी रखे विचार**

इस मौके पर आदर्श रसोई के संयोजक रवि भारद्वाज, उपप्रधान अमरजीत सिंह बंटी, संरक्षक सुभाष दीक्षित, ब्राह्मण सभा के प्रधान अरविंद शर्मा, महासचिव राकेश जुनेजा, पम्मी मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष संजय वर्मा सहित कई सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे।







## यूपी में निवेश के माहौल को विदेशी उद्यमियों ने भी सराहा

### लुलु समूह, शराफ ग्रुप, एयर लिक्विड, डोर्ना और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधियों ने यूपी में निवेश को लेकर व्यक्त किये अपने विचार

**सराहना**

**8 सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की सराहना उद्योग समूहों के दिग्गज भी कर रहे हैं**



**टीम एक्श इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की सराहना उद्योग समूहों के दिग्गज भी कर रहे हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन 'यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कामेर्लो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की। लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं: दूरदर्शी नेतृत्व, संसाधन, अच्छा बुनियादी ढांचा और व्यापार करने में आसानी। ये सारी चीजें हमारे पास भारत और उत्तर प्रदेश में हैं। ।निवृत्त) शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि एक आदमी, एक परिवार, एक समाज अपना पैसा वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हो और आश्वस्त हो कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी के साथ हमारा रिश्ता मील का पत्थर हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसा सिर्फ इसलिए है क्योंकि हम दोनों एक-दूसरे के साथ परिवार की तरह व्यवहार करते हैं। एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें उत्तर प्रदेश और भारत में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है।

एयर लिक्विड समूह की ओर से, मैं आने वाले वर्षों में भारत में प्रगतिशील निवेश के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं। डोर्ना के सीईओ कामेर्लो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। उन्होंने बताया कि मोटोजीपी ने 12,000 रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

## आयु सीमा में छूट: यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से जवाब तलब

**प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए भर्ती-2023 में आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट के मामले में राज्य सरकार व यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड से जवाब मांगा है। पुलिस भर्ती बोर्ड ने 930 कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने प्रेमधन कुमार व अन्य की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती की आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी है। पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए की भर्ती सात वर्ष बाद आई है।

## 'नोएडा के मॉडल पर बुन्देलखंड का होगा औद्योगिक विकास'

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**

सरकार जेवर हवाई अड्डे के पास के क्षेत्र को विकसित करने के साथ-साथ बुन्देलखण्ड क्षेत्र को नोएडा के मॉडल पर यूपी बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण विकसित करने की एक प्रमुख योजना पर भी काम कर रही है। यह बात मंगलवार को आईआईटी कानपुर में महत्वाकांक्षी योजना का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि उप्र के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि नोएडा में आरओसी की स्थापना के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आए अनुरोध को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संबोधित किया जाएगा। सरकार उत्तर प्रदेश में 21



हवाई अड्डों और 12 नए विश्वविद्यालयों को चालू करने के लिए भी काम कर रही है।उत्तर प्रदेश की प्रतिभा के रिवर्स माइग्रेशन को प्रोत्साहित करने के लिए यह उपाय किये जा रहे हैं। एआईएफ और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए एक समर्पित सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित किया जाएगा। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की तर्ज पर उप्र में शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर सिडबी के मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह ने कहा राज्य में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए सक्रिय नीतियों और समर्थन उपायों की सराहना की। राज्य में स्थापित इनक्यूबेशन प्लेटफॉर्म और उत्कृष्टता केंद्र नवोन्मेषी स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। सिडबी, यूपी आईटी और स्टार्टअप नीति 2017 के तहत स्थापित 1000 करोड़ के यूपी स्टार्टअप फंड के माध्यम से और अधिक प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए तैयार है।

**प्रमुख योजना**

**8 यूपी बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण विकसित करने की एक प्रमुख योजना पर भी काम कर रही है।**

## कोर्ट के आदेश पर ईडी ने की तीन जगहों पर छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने एक जूट मिल के मालिक द्वारा भविष्य निधि (पीएफ) के गबन के मामले में मंगलवार को पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि छामेमारी की कार्रवाई कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली की एकल-न्यायाधीश पीठ के आदेश के बाद की जा रही है। मंगलवार सुबह से कोलकाता के सांकराइल में जूट मिल परिसर, दक्षिण कोलकाता के बालीगंज में जूट मिल मालिक के आवास और मध्य कोलकाता के डलहौजी में इकाई के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक साथ छापेमारी की गई है। इस विशेष मामले में भविष्य निधि गबन की कुल राशि 20 करोड़ रुपये है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एक वर्ग द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय में जूट मिल के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें सेवानिवृत्ति का लाभ नहीं मिला, जबकि सेवा में रहने के दौरान उनकी अंशदायी राशि उनके वेतन से नियमित रूप से काटी जाती थी। आखिरकार, न्यायमूर्ति गांगुली ने ईडी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। गत आठ फरवरी को मामले की सुनवाई हुई थी जिस दिन जूट मील के तीन निदेशकों को रात 10:00 तक कोर्ट में हाजिर होकर पक्ष रखना पड़ा था।

**कार्रवाई**

**8 छामेमारी की कार्रवाई न्यायमूर्ति की एकल-न्यायाधीश पीठ के आदेश के बाद की जा रही**

## रांची में खालिस्तानी आतंकी पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/रांची**

प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तानी आतंकवादी और सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के अध्यक्ष गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने राजधानी रांची में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच को लेकर धमकी दी थी। उसने सोशल मीडिया के माध्यम से इस मैच को रद्द कराने के लिए भारत में प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादियों से आह्वान किया है। रांची के जेएससीए स्टेडियम में 23 से 27 फरवरी के बीच भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टेस्ट मैच को रद्द कराने के लिए सिख फॉर जस्टिस ने धमकी दी है। साथ ही आह्वान किया है कि झारखंड और पंजाब में बवंडर पैदा करो तथा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टाक को मैच नहीं खेलने दो। उसने इंग्लैंड टीम को वापस इंग्लैंड जाने के लिए धमकाया है। मामले को लेकर एसआई मदन कुमार महतो के बयान पर धुर्वा थाने में (कांड संख्या 69/2024) में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने भारत में दहशत फैलाने के उद्देश्य तथा आदिवासियों के मन में सरकार के प्रति घृणा और अवमान पैदा करने का प्रयास किया है, जो यूएपी अधिनियम, आईटी अधिनियम के तहत एक दंडनीय अपराध है। साथ ही दो मित्र देशों के बीच खेल संबंधों को बिगाड़ने तथा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के माध्यम से खेल में बवंडर मचाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो जारी करने के कारण क्षेत्र के लोगों में दहशत पैदा हो गया है। सिख फॉर जस्टिस के गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने माओवादियों से यह भी आह्वान किया है कि आदिवासियों की जमीन में क्रिकेट नहीं होने देना है। अमृतसर का रहने वाला गुरपतवंत पन्नू पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई की है।

**अमृतकाल**

### किसी भी समाज की उन्नति के लिए धर्म का पालन बहुत आवश्यक: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## 'भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रामराज्य के आदर्श सर्वथा उपयुक्त'

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि अमृतकाल में भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए राम राज्य की सोच और आदर्श पर चलना ही सबसे उपयुक्त है। मुख्यमंत्री मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में अमृत काल के लक्ष्य प्राप्त करने में लोक प्रशासन की भूमिका विषय पर स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज के व्याख्यान के अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं लोकसेवकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति के लिए धर्म का पालन



बहुत आवश्यक है। सही मार्ग पर चलना, राष्ट्रहित तथा हर व्यक्ति को न्याय मिले यह सब धर्म की अवधारणा में निहित है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में धर्म और मयार्दा के पालन का आदर्श समाज के सामने प्रस्तुत किया। भगवान राम के आदर्शों पर आधारित रामराज्य की अवधारणा में सभी के कल्याण का भाव निहित है। शर्मा ने कहा कि लोक सेवकों को देश एवं प्रदेश की प्राथमिकताओं के अनुसार नीतियां बनानी चाहिए तथा उन नीतियों में नवीनतम तकनीक और नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू करना चाहिए। साथ ही, उन्हें सुशासन के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सर्विस डिलिवरी पर फोकस रखते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों को अपनी भूमिका निष्ठा से निभानी होगी, जिससे आमजन का सुशासन के प्रति विश्वास बना रहें तथा विकसित भारत के निर्माण में सभी अपना योगदान दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या का राम मंदिर वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र है। इस मंदिर के निर्माण में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष के रूप में स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज के योगदान को कोई नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारों सालों से चलती आ रही हमारे देश की महान संस्कृति और परम्परा को आगे बढ़ाया है, जिसका लोहा पूरी दुनिया मानती है।

**सेवक की तरह काम करने से ही शासक की शोभा- स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज:** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए स्वामी गोविन्द देव गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल की संकल्पना हम सबके सामने रखी, जिसमें उन्होंने नारी, किसान, युवा एवं गरीब चार वर्गों के उत्थान पर विशेष जोर दिया है।

## राज्यों की विविधता भारत की ताकत और विशेषता है : राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

राजभवन में मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दोनों राज्यों के उत्तराखंड में रह रहे छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर राज्यपाल ने कहा कि राज्यों की विविधता भारत की ताकत हैं और तमाम विविधताओं के बावजूद भी हम सब एक हैं, यही भारत की विशेषता है। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित सभी लोगों को पूरे प्रदेश की ओर से स्थापना दिवस की बधाई दी।